हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- बोर्ड परीक्षा में खराब परिणाम पर पहली बार इस तरह की कार्रवाई
- मुख्यमंत्री ने दिए जगदीश शास्त्री को पद से हटाने निर्देश


दसवीं में खराब नतीजों में मरवाही अव्वल, दूसरे स्थान पर रायपुर, बारहवीं में मनेंद्रगढ़ सबसे कमजोर

13 मई को प्रकाशित खबर

## 10वीं की तुलना में 12वीं में 80% वाले जिले अधिक

दसवीं कक्षा की तुलना में बारहवीं कक्षा में जिलों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। 80 प्रतिशत से अधिक परिणाम देने वाले जिलों की संख्या भी हायरसेकंडरी में अधिक है। 12वीं में जिन जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक नतीजे रहे हैं, उनमें बलौदाबाजार-86.51%, बेतेमरा-80.65%, धमतरी-81.56%, दुर्ग-82.96%, गरियाबंद-90.17%, कवर्धा-82.94%, महासमुंद-84.08%, राजनांदगांव-82.25%, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-85.31%, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी-90.11%, बिलासपुर- 82.87%, कोरबा-80.31%, रायगढ़-83.54%, बीजापुर-80.35%, दंतेवाड़ा-87.66%, जगदलपुर-87.38%, कांकेर-90.69%, शेष पेज 13 पर

# हटाए जाएंगे 10वीं में सबसे खराब नतीजे वाले मरवाही के डीईओ

*ऐसे 70 फीसदी से कम वाले रायपुर समेत तीन और जिले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए हैं। संभवतः प्रदेश में यह पहली बार है जब किसी जिला शिक्षा अधिकारी पर खराब परीक्षा परिणाम के चलते कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में जिले का अत्यंत खराब प्रदर्शन जिले में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि दसवीं में खराब नतीजों में मरवाही अव्वल रहा है। जबकि दूसरे स्थान पर राजधानी रायपुर है। फिलहाल कार्रवाई केवल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के अधिकारी पर की गई है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के सिर्फ शेष पेज 13 पर

### छोटे जिलों का प्रदर्शन अच्छा

दसवीं कक्षा में सबसे अच्छा प्रदर्शन दंतेवाड़ा का रहा है। यहां सिर्फ 5.65 प्रतिशत छात्र ही फेल हुए हैं। इसी तरह से छोटे और कम सुविधा वाले जिलों का प्रदर्शन बड़े शहरों के मुकाबले बेहतर रहा है। जिन जिलों के परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक रहे हैं, उनमें बलौदाबाजार-81.69%, गरियाबंद-80.70%, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी-92.43%, बीजापुर-85.40%, जशपुर-94.22%, जगदलपुर-88.82%, कांकेर-91.05%, कोंडागांव-83.28%, नारायणपुर-84.96%, सुकमा-89.76%, बलरामपुर-81.10%, जशपुर-94.22%, कोरिया-92.33% और सरगुजा-87.58% शामिल है। इनके अतिरिक्त शेष पेज 13 पर

यूजर चार्ज बढ़ाने की तैयारी, खाका तैयार

# गाड़ी वाला आया, घर से कचरा निकाल...अब होगा थोड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

## हर तीन साल में यूजर चार्ज बढ़ोतरी का है नियम



नगर निगम अब लोगों के घरों व दुकानों सहित व्यावसायिक प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरा कलेक्शन के एवज में लिये जाने वाले यूजर चार्ज को बढ़ा सकता है। इसमें घरेलू कचरा कलेक्शन पर 10 रुपए प्रति माह और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़ा पर 30 रुपये प्रतिमाह बढ़ोतरी तय है। इसके लिए राजस्व महकमे ने बढ़े हुए यूजर चार्ज का खाका तैयार कर सिस्टम में अपलोड कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में लोगों के प्रापर्टी टैक्स में बढ़ा हुआ यूजर चार्ज देखने को मिलेगा। निगम आयुक्त ने संकेत दिये हैं कि यह प्रक्रिया में है।

दरअसल, नगरीय निकायों में यूजर चार्ज में हर तीन साल में वृद्धि करने का नियम राजपत्र में प्रकाशित है। राज्य शासन के नियम अनुसार हर तीन साल में यूजर चार्ज बढ़ेगा। तीन साल पहले रायपुर नगर निगम में लोगों से डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में निर्धारित स्लैब के हिसाब से घरेलू कचरे और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

### 2 माह से सर्वर बंद, करदाता परेशान

यूजर चार्ज में बढ़ोतरी सहित अन्य तकनीकि जानकारी सिस्टम में अपलोड करने के चलते पिछले 2 माह से सर्वर बंद रहने की शिकायत मिल रही है। इससे एक ओर जहां बड़े बकायादार से बकाया राजस्व वसूली प्रभावित हुयी है। वहीं ऐसे करदाता जो अग्रिम कर का भुगतान ऑनलाइन करना चाह रहे हैं वे सर्वर की समस्या होने से करों का भुगतान नहीं कर पा रहे। जोन दफ्तर,मुख्यालय में भी इस बात को लेकर शिकायतें आ रही है। वहीं विभागीय अधिकारी अभी ये बताने की स्थिति में नहीं है कि कब तक सर्वर बंद रहने की समस्या दूर हो पाएगी।

### यूजर चार्ज बढ़ोतरी प्रक्रिया में

हर तीन साल में यूजर चार्ज की बढ़ोतरी होनी है, राजपत्र में इसका प्रकाशन पूर्व में हो चुका है। 2024-25 में तीन साल पूरा हो रहा है, इसलिए यूजर चार्ज में नियम अनुसार वृद्धि प्रक्रिया में है।

**- विश्वदीप,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### तीन साल से नहीं बढ़ा यूजर चार्ज

शहर में ठेके पर सफाई व्यवस्था लागू होने के बाद लोगों के घरों, दुकानों सहित अन्य स्थानों पर डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन, परिवहन और निष्पादन की व्यवस्था के एवज में शहरवासियों से प्रति माह यूजर चार्ज लिया जा रहा है। इसके लिए तीन वर्ष पूर्व स्लैब बनाकर इसकी दर तय की गई। अभी तक पुरानी दर से लोगों से यूजर चार्ज की वसूली होती रही है। लेकिन नियम अनुसार तीन साल में यूजर चार्ज में बढ़ोतरी किया जाना तय है। चूंकि तीन साल से यूजर चार्ज में वृद्धि नहीं की गयी। इसलिए नगर निगम दस जोन के 70 वार्ड में रहने वाले यूजर से अब बढ़े हुए दर पर यूजर चार्ज वसूल करेगा। इसके लिए यूजर चार्ज की प्रस्तावित बढ़ी हुई दर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

**ऐसा है प्रस्ताव**

गौरतलब है कि पहले घरेलू कचरा के लिए निर्धारित स्लैब हिसाब से सामान्य रूप से 50 रुपये मासिक यूजर चार्ज लिया जाता था, इसे बढ़ाकर 60 रुपये मासिक किया जाना है। आम जनता की सुविधा के लिए यूजर चार्ज की राशि साल में एक बार प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर करदाताओं से पूर्व की तरह लिये जाने की व्यवस्था की जा रही है, जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए तय निर्धारित स्लैब दर में प्रतिमाह 30 रुपये यूजर चार्ज में बढ़ोतरी होना तय है।

# अमूल, मदर डेयरी के बाद देवभोग दूध ने भी बढ़ाए दो रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ ने भी देवभोग दूध के दाम में दो रुपए का इजाफा कर दिया है। अब 20 मई से प्रदेश में देवभोग ब्रांड के कई दूध दो रुपए ज्यादा में बिकेंगे। इसके पहले अमूल सहित अन्य कंपनियों ने भी दूध के दाम में दो रुपए का इजाफा इसी माह किया है। दूध की कीमत में इजाफा करने की वजह लागत मूल्य में इजाफा होना बताया जा रहा है।

इस माह सबसे पहले अमूल ने अपने दूध के दाम में दो रुपए का इजाफा किया। इसके बाद से लगातार दूसरी कंपनियां भी अपने उत्पाद के दाम बढ़ा रही हैं। अब छत्तीसगढ़ की सरकारी संस्था ने अभी अपने उत्पाद देवभोग दूध के दाम में इजाफा कर दिया है। देवभोग ने अपने गौरस के दाम में तो कोई इजाफा नहीं किया है और इसके दाम पहले जितने ही 57 रुपए लीटर है। लेकिन बाकी उत्पादों के दाम में दो रुपए लीटर का शेष पेज 13 पर

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, आज से बढ़ेगी बारिश की गतिविधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधि आज से बढ़ने की संभावना है। अगले तीन दिन अधिकतम तापमान में गिरावट होगी, मगर उसम की परेशानी से मुक्ति मिलने की संभावना कम है। प्रदेश में अरब सागर से नमी आ रही है जो मानसून की गतिविधि आगे बढ़ाने के संकेत दे रही है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाले सिस्टम अब असरहीन होने गए हैं। अब केवल पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है जो प्रदेश के मौसम को


■ तापमान में और गिरावट के आसार

प्रभावित कर रहा है। इसके प्रभाव से राज्य में नमी का आगमन हो रहा है, जो मौसम के बदलाव का कारण बन रहा है। अनुमान है कि मंगलवार से राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधि बढ़ जाएगी। इसके अलावा आने वाली नमी के प्रभाव से चिपचिपी गर्मी की परेशानी और बढ़ने के आसार बन रहे हैं।

## पुलिस सात संदिग्धों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

# नशेड़ियों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर को पीटा, अधमरा कर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बोरियाकला के रिद्धि-सिद्धि लोटस पार्क सोसाइटी में आधी रात आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया है। बदमाशों ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को घर से निकाल कर लात-घूंसों से बुरी तरह पिटाई की है। बदमाशों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड कर लोगों के बीच दहशत फैलाने की कोशिश की है। घटना के बाद क्षेत्र के रहवासी गुस्से में हैं। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस दो नाबालिग सहित सात बदमाशों को हिरासत में शेष पेज 13 पर



**मंत्री के निर्देश के बाद पुलिस हुई सक्रिय :** पंकज सिंह मूल रूप से सूरजपुर का रहने वाला है। उसका एक भाई सूरजपुर में मीडियाकर्मी है। घटना के बाद पंकज इतनी दहशत में था कि वह थाने में शिकायत करने जाने से डर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर पंकज के छोटे भाई ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मंत्री ने थाने में कॉल कर पुलिस को कार्रवाई करने के लिए कहा, तब पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### बदमाशों का इंस्टा में अमन डॉन के नाम से पेज

बदमाशों ने इंस्टाग्राम में मारपीट करने का जो वीडियो अपलोड किया है, उस पेज का नाम उन्होंने अमन डॉन ग्रुप रखा है। पुलिस के अनुसार सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ मारपीट करने के आरोप में जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, वो सभी आदतन बदमाश और नशेड़ी हैं। मारपीट का वीडियो बनाने के बाद बदमाशों ने स्थानीय रहवासियों को घटना की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराने की धमकी दी। थाने में शिकायत दर्ज कराने पर रहवासियों को पंकज की तरह हाल करने की चेतावनी दी और मौके से फरार हो गए।

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50)<br>SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 08.09.2024<br>22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80)<br>AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 06.10.2024<br>23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38)<br>AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180)<br>AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 23.02.2025<br>09.03.2025<br>25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-174)<br>DPP-02 (Q.NO-156)<br>DPP-03 (Q.NO-87)* | 07.11.2024<br>19.02.2025<br>25.02.2025<br>28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)*<br>DPP-20 (Q.NO-71) | 17.03.2025<br>11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54)<br>DPP-16 (Q.NO-66) | 08.09.2024<br>28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150)<br>SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 03.03.2025<br>09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67)<br>DPP-19 (Q.NO-150) | 27.04.2025<br>10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189)<br>DPP-21 (Q.NO-144) | 15.12.2024<br>14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)*<br>DPP-18 (Q.NO-137) | 22.09.2024<br>07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168)<br>AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118)<br>AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025<br>16.02.2025<br>16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)*<br>AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)*<br>DPP-18 (Q.NO-124) | 23.02.2025<br>02.03.2025<br>07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 23.02.2025<br>19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114)<br>SPOT TEST-13 (Q.NO-79)<br>DPP-25 (Q.NO-94) | 23.02.2025<br>16.04.2025<br>21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4IW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2nd FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCHI | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप



### पुरुषोत्तम विजनरी इंडियन अवार्ड से हुए सम्मानित

**आरंग।** रविवार को प्रसार भारती आकाशवाणी केंद्र पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में विजनरी इंडियन अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशेष लोगों को आमंत्रित किया गया। जिसमें ग्राम बोडरा आरंग निवासी डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर रंगमंच अभिनेता व लोककला साधक को कला व संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के द्वारा विजनरी इंडियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा संचालित लोक रंजनी लोककला मंच देश के विभिन्न राज्यों में अनेक नाटकों की प्रस्तुति दे चुके हैं। वहीं इस विशेष उपलब्धि के लिए डॉ. पुरूषोत्तम को पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, आरंग विकासखंड के कलाकार संगठन व रानी पद्मावती महिला संगठन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए।

### 52 पौव शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के निकट स्थित ग्राम तुलसी बाराडेरा में कुछ शराब कोचियों द्वारा अतिरिक्त मुनाफा कमाने के उद्देश्य से गांव में खुलेआम शराब बेची जा रही थी, जिससे गांव का माहौल लगातार बिगड़ रहा था। गांव के चौक-चौराहों पर सुबह से ही शराबियों की भीड़ जुटती थी, जो नशे की हालत में अश्लील भाषा और गाली-गलौज करते थे। इससे गांव की महिलाओं को रास्ते से गुजरना भी मुश्किल हो गया था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच श्री सुरेश धीवर ने सुशासन समाधान शिविर में इस मुद्दे को लिखित रूप में उठाया। सरपंच की शिकायत पर स्थानीय विधायक अनुज शर्मा ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। विधायक के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने 14 मई 2025 को ग्राम तुलसी में संदेह के आधार पर रंजन जांगड़े के मकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान 52 पाव देशी शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। सरपंच सुरेश धीवर ने गांव के अन्य असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि,गांव का माहौल खराब करने वालों को सुधर जाना चाहिए, अन्यथा उनके विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई से गांववासियों ने राहत की सांस ली है और प्रशासन की तत्परता की सराहना की है।

### तालाब पार से टीम प्रहरी ने हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश की ओर से शीतला तालाब के पार से सोमवार को अवैध कब्जे हटाये गए। उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में टीम ने जोन 2 के रेल्वे स्टेशन मार्ग में सुगम आवागन देने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जोन 9 के वार्ड नंबर 10 में सड़क पर कब्जा कर लगायी गयी कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलंबद करने कार्यवाही की गयी।

### मेकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य का निरीक्षण

**रायपुर।** रविवार रात टाटीबंध चौक से शास्त्री चौक तक सड़क की रात्रिकालीन सफाई रोड स्वीपिंग से किये जाने की व्यवस्था का एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक मशीनों के माध्यम से शहर को धूल मुक्त बनाये जाने की सड़क सफाई की प्रक्रिया देखी। साथ ही मेकेनाइज्ड स्वीपिंग के कार्य में लगे कर्मचारियों से चर्चा कर सड़क सफाई से जुड़े बातों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान गायत्री चंद्राकर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेकेनाइज्ड स्वीपिंग कार्य के दौरान गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी ना हो।

---

**कार्रवाई : धरसींवा जनपद पंचायत की कठोर कार्रवाई, अन्य पंचायतों को मिली चेतावनी**

# सम्मानपुर नकटी में हितग्राहियों से अवैध वसूली हुआ उजागर, आवास मित्र बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सम्मानपुर नकटी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मित्र द्वारा हितग्राहियों से अवैध रूप से रुपये मांगने का मामला सामने आया है। जनप्रतिनिधियों द्वारा इस गंभीर शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी आवास मित्र, राजू सोनवानी को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवास मित्र राजू सोनवानी पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से आवास निर्माण की प्रक्रिया में मदद के एवज में कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप लगे थे। हितग्राहियों ने इसकी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों से की, जिन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत प्रशासन को अवगत कराया। बता दे कि जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए, धरसींवा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) पीताम्बर यादव ने मामले की जांच के आदेश दिए। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर सीईओ ने त्वरित और कठोर कार्रवाई करते हुए, आवास मित्र राजू सोनवानी की सेवाएं समाप्त कर दीं। इस बड़ी कार्रवाई से न केवल सम्मानपुर नकटी के हितग्राहियों को राहत मिली है, बल्कि अन्य पंचायतों में भी यह एक कड़ा संदेश गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।







**आवास मित्र की मनमानी पर लगाम, भ्रष्टाचारियों में हड़कंप**

*प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि भविष्य में भी इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद पंचायत सीईओ पीताम्बर यादव ने सभी पंचायत सचिवों और अन्य अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें और हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत किसी भी प्रकार की अवैध मांग या भ्रष्टाचार का शिकार होता है, तो वे तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दें।*

# खरोरा हादसा, मृतकों के परिजनों को 5 लाख, घायलों को 50 हजार मुआवजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विगत कुछ दिन पूर्व धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के खरोरा के समीप हुए हृदयविदारक सड़क हादसे की यादें आज भी लोगों के मन को झकझोर रही हैं। इस भीषण दुर्घटना में तेरह अमूल्य जिंदगियां काल के गाल में समा गईं थीं, जिसने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया था। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दुखद घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को 05 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर विधायक अनुज ने शोक में डूबे परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हमारी सरकार इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

विधायक शर्मा ने कहा कि इस अपूर्णीय क्षति से हम सभी दुखी हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें व शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस मार्मिक अवसर पर उपस्थित लोगों की आंखें नम थी और वे विधायक के इस संवेदनशीलता भरे कदम की सराहना कर रहे थे। यह घटना निश्चित रूप से पूरे क्षेत्र के लिए एक गहरा आघात है।



# बेखौफ दौड़ रहे भारी वाहन सड़क हादसे का खतरा बढ़ा

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के भीड़ भाड़ वाले मुख्य मार्ग से भारी वाहनों के गुजरने से आम लोग परेशान हैं।तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर छोटी बड़ी गाड़ियां धड़ले से चल रही है।

वर्तमान में बाहर से कई भारी वाहने टोल टैक्स बचाने तिल्दा होकर खरोरा के रास्ते अपने गंतव्य को जा रहे हैं, रोजाना भारी संख्या में ऐसे वाहनों का आवाजाही होने लगा हुआ है। इसी तरह अवैध रूप से रेत परिवहन करते हाईवा वाहने तेजी से मुख्य मार्ग पर भीड़भाड़ इलाके से गुजरती है जिसके चलते आए दिन घटनाएं दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। यहां पर न तो ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था है और न ही कोई जवाबदारो के द्वारा जांच पड़ताल की जाती है। जिसके चलते अवैध रेत परिवहन करने वाले हाईवे वाहन काफी तेज गति से भीड़भाड़ इलाके पर दौड़ती है। वहीं भारी वाहनों का आवाजाही भी लगातार हो रहा है, जिसके चलते आमजन काफी परेशान हो चुके हैं एवं कार्यवाही की मांग भी कर रहे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली




**तरपोंगी।** ग्राम पंचायत तरपोंगी में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में देशभक्ति का नारा लगाते हुए गली भ्रमण कर बस स्टैंड में सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य नरसिंग वर्मा, स्थानीय सरपंच देवकी सावन नायक, मोहदा, सरपंच रेखा प्रहलाद, उप सरपंच डॉ. संतोष यादव, मिलेंद्र वर्मा, सोसायटी अध्यक्ष डॉ. शोभित वर्मा, खैरखूँट सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, गौकरण साहू, श्रवण वर्मा, बेनीराम साहू, हेमुराम वर्मा,यशवंत वर्मा, टीकम वर्मा, गिरीश साहू, दुष्यंत वर्मा, तरुण वर्मा, मीना वर्मा, पार्वती ध्रुव, रेखा ध्रुव, जानकी वर्मा, सावित्री वर्मा, कांति वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# डीघारी में पाइपलाइन के लिए गड्ढे खोदे और गलियों को समतल नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- **हादसे को न्योता फिर भी पीएचई को परवाह नहीं, ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी**

ग्राम पंचायत डीघारी (भानसोज) में पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए हाल ही में गलियों की खुदाई की गई थी। परंतु कार्य पूर्ण होने के बाद विभाग ने गलियों को समतल करने या गड्ढों को ढंकने की जहमत नहीं उठाई, जिससे अब ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शक्ति दल प्रमुख व युवा अधिवक्ता प. आयुष दुबे ने बताया कि खुदाई के कारण गलियों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें बारिश के दौरान पानी भर जाता है। कीचड़ और फिसलन से खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे आए दिन गिरने की कगार पर होते हैं। कई लोगों को हल्की चोटें भी आ चुकी हैं। प. दुबे ने बताया, /"विभाग ने पाइपलाइन तो डाल दी, लेकिन सड़क को पहले जैसा बनाने की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली। अब यह रास्ता जानलेवा बन गया है।/" ग्रामीणों ने सरपंच और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। विभागीय अधिकारी भी इस विषय में चुप्पी साधे हुए हैं। गांव की जनता ने मांग की है कि जल्द से जल्द गलियों की मरम्मत कराई जाए और गड्ढों को ढंका जाए, जिससे दैनिक जीवन में आ रही परेशानियों से राहत मिल सके। इस समस्या को देखते हुए शक्ति दल महिला संगठन ने तुरन्त संज्ञान लिया जिसमे शक्ति दल महिला संगठन अध्यक्ष पूजा साहू, प्रबंधक लक्ष्मी धीवर, इसके अलावा उर्मिला वर्मा व अन्य सदस्य पी.एच.ई. विभाग के इंजीनियर के पास पहुँचे और उन्हें इस भारी समस्या से अवगत कराया। साथ ही इस योजना के तहत बन रही पानी टँकी के गुणवत्ताहीन होने के शिकायत की और जांच कराने की मांग की है, जिस पर इंजीनियर ने भी ठेकेदार से फोन में बातकर सड़क को बरसात से पहले पक्का करने को कहा है।



# मूर्ति अनावरण समारोह 22 को







**रायपुर।** जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला रायपुर में परम पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज की मूर्ति का अनावरण तथा गुरु मंडप के लोकार्पण के कार्यक्रम में परम पूज्य पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानन्द सरस्वती महाराज तथा उत्तराम्नाय परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती तथा उभय पीठ के सचिव पूज्य ब्रह्मचारी श्रीसुबुद्धानन्द आदि विशिष्ट महात्माओं का आगमन प्रारंभ हो चुका पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द महाराज का आगमन हो चुका है। सोमवार को पूज्य पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती महाराज भोपाल से इण्डिको की नियमित उड़ान से प्रातः है 11:00 बजे शंकराचार्य आश्रम रायपुर पहुंच रहे है। परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज काशी से सड़क मार्ग होते हुए 21 मई 2025 को पहुंच रहे है। मूर्ति अनावरण समारोह की आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बाहर से पधारे विभिन्न विद्वान शतचण्डी यज्ञ, लक्षार्चन यज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत का पारायण, भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का नवावरण महापूजन तथा भगवान शिव का रुद्राभिषेक आदि धार्मिक अनुष्ठान नित्य निरंतर संपन्न करा रहे हैं, जो 22 मई 2025 तक चलेगा। ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी 22 अगस्त 2025 को पूज्य शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज तथा परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज के करकमलों से ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द महाराज की गरिमामय उपस्थिति में मूर्ति का अनावरण एवं गुरुमण्डपम का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न होगा।

# 33 पौवा शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार




**नेवरा।** अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए नेवरा पुलिस ने ग्राम तुलसी नेवरा में दबिश देकर एक व्यक्ति को भारी मात्रा में देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 33 पौवा देशी मसाला मदिरा बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 3300 रुपए आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तुलसी नेवरा निवासी परदेशी चतुर्वेदी, उम्र 42 वर्ष, पिता राजाराम, अपने घर के पास सफेद और नीले रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु तैयार कर रहा है। सूचना के आधार पर नेवरा थाना प्रभारी के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध बोरी की तलाशी ली, जिसमें से 33 पौवा देशी मसाला शराब पाई गई, जिसे आरोपी बिक्री के उद्देश्य से अवैध रूप से संग्रहित किए हुए था। मौके पर शराब जब्त कर आरोपी परदेशी चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### 62 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**आरंग।** आरंग नगर पालिका परिषद के वार्ड क्र. 17 कंपोजिट बिल्डिंग के सामने अधो संरचना मद से बनने वाले 62 लाख रु. के सी.सी. रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन डॉ संदीप जैन नपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हिरामन कोसले, पार्षद नरेन्द्र लोधी, संतोष लोधी, राकेश शर्मा, उमाकांत यादव, पार्षद प्रतिनिधि डॉ तोषण साहू, विक्रम परमार, राकेश सोनकर, पूर्व पार्षद सतीश सोनकर, नरेंद्र साहनी, इंजीनियर केसनाथ साहू व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सुशासन से हम विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे : गुरु खुशवंत**

# सुशासन के माध्यम से सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं का किया जा रहा बेहतर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को ग्राम पंचायत टेकारी हाई स्कूल परिसर में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें तेरह ग्राम पंचायत की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार को आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित बताया, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर रही है एवं विकास के लिए शिविर के माध्यम से सभी ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को लाभान्वित किया जा रहा है।



इस अवसर पर हितग्राहियों को श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, जाति प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि सामग्री, पौधा वितरण, सब्जी बीज वितरण, आयुष्मान कार्ड, अन्नप्राशन एवं गोद भराई किट, मछली जाल किट, बालिका स्वच्छता किट, राशन कार्ड, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल आदि प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सरपंचगण हेमा यादव, राजेंद्र टंडन, त्रिवेणी वर्मा, सूरज शर्मा, लीना वर्मा, गजेंद्र निषाद, इंदु भारती, कुंज बिहारी वर्मा, नंदलाल डहरिया, अंजू वर्मा, घसिया राम साहू, हीरामन साहू, अशोक कुमार बंदे, संतोष कुमार वर्मा, पंच गण, अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं तहसीलदार विनोद साहू एडिशनल सीईओ मारुति राव, शिविर प्रभारी एसडीओ जल संसाधन मोहनलाल देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, संकुल समन्वयक गण सुरेंद्र चंद्र सेन, युवराम साहू, नरेंद्र ठाकुर, उगेश साहू, हेमलाल वर्मा, शैलेंद्र शुक्ला आदि मंच संचालन टीम अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल, भूषण जलक्षत्रि एवं 40 से भी अधिक शासकीय विभाग के प्रमुख, कर्मचारीगण, रोजगार सहायक, एडीईओ, ग्राम सचिव, करारोपण अधिकारी एवं ग्राम पंचायत टेकारी, खौली, कठिया, अमेरी, सकरी (जावा), खमरिया, गुजरा, पिपरहट्टा, कुकरा, जरौद, उमरिया, रीवा, लखोली आदि के ग्रामवासियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

**महतारी सदन के लिए 24 लाख मंजूर**

उन्होंने कहा की सुशासन के माध्यम से जल संकट जैसी समस्या का भी निवारण हो रहा है एवं सड़क, पानी, नाली, बिजली, नए भवन आदि सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है तथा नारी सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन के लिए 24 लख रुपए भी स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु आह्वान करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टाकेस्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सदस्यगण राजू मनहरे, पद्मिनी साहू, कृष्णा महेश साहू एवं जनपद सभापति अमर मांडले, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा एवं जनप्रतिनिधि गण हेमंत कश्यप महेश साहू आदि की उपस्थिति रही। एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग सभी मांगो एवं शिकायतों पर ध्यान दिया गया है तथा कुछ जटिल प्रकरण एक महीने के भीतर निराकरण कर लिए जाएंगे वहीं जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने संख्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि मांग के 7168 और शिकायत के 188 आवेदन पर निराकरण की कार्यवाही की गई है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक तिल्दा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना के संबंध**

दिनांक 19.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पियुष बजाज पिता ईश्वरदास बजाज द्वारा आवेदित ग्राम घुलघुल प.ह.नं. 18 राजस्व निरीक्षक मंडल तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 414/3, 491/5, 502/3, 502/4 रकबा 1.417, 0.186, 1.040, 0.408 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार तिल्दा के आदेश दिनांक 16.05.2025 के परिपालन में दिनांक 03.06.2025 को समय 12:00 को किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नं. 18 के नेवरा कार्यालय मे संबंधित दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने। **राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. तिल्दा**

# महालेखाकार का कहना- आय-व्यय का सही हिसाब नहीं दे रहे बजट नियंत्रण अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के महालेखाकार ने राज्य सरकार के वित्त विभाग को बताया है कि सरकार के कई विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों ( अकाउंट) के पुनर्मिलान का काम पूरा नहीं कर रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने यह काम आंशिक रूप से ही किया है। इस स्थिति को देखते हुए अब वित्त विभाग ने तय है कि ऑनलाइन अंक मिलान का काम अब ई कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल से किया जाएगा।

- वित्त ने पुराने निर्देश किए दरकिनार
- अब नए सिस्टम से होगा ये काम

### वित्त ने जारी किया आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बजट नियंत्रण अधिकारी, सभी संभागीय आयुक्त और राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। विभाग का कहना है कि बजट संबंधी आय व्यय के आंकड़ो का महालेखाकर कार्यालय के आंकड़ो से मिलान किए जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। लेखाओं का अंक मिलान, लेखों की प्राप्ति, एवं व्यय के आंकड़ो की प्रमाणिकता एवं सटीकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाता है। इस संबंध में पूर्व में जारी सभी निर्देशों को दरकिनार करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं।

### अब ऑनलाइन मॉड्यूल से मिलाए जाएंगे आंकड़े




### आंकड़ों का पुनर्मिलान अनिवार्य

वित्त विभाग ने कहा है कि प्राप्तियों एवं व्यय के आंकड़ों का संबंधिक विभागीय व्यय के आंकड़ों से पुनर्मिलान किया जाना अनिवार्य है। ताकि राज्य के वित्त एवं विनियोग लेखों में आय एवं व्यय की राशियों को वास्तविक एवं सही रूप में प्रदर्शित किया जा सके। लेकिन महालेखाकार ने सूचित किया है कि विभिन्न विभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी लेखों के पुनर्मिलान का काम आंशिक रूप से ही कर रहे हैं।

### अब ये काम होगा ऑनलाइन

अब यही काम ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। कोषाल्य के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के ऑनलाइन मिलान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा ई-कोष वेबसाइट पर ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसमें पुनर्मिलान के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का लिंक उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नियमित रूप से आय-व्यय के आंकड़ों के पुनर्मिलान का काम किया जाएगा। पुनर्मिलान के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी इस आशय का प्रमाणपत्र ऑनलाइन अपलोड कर महालेखाकर को प्रेषित करेंगे। इस काम के लिए समय सीमा तय है। देर होने पर विभागीय सचिवों द्वारा उत्तरदायित्व तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री के कड़े तेवर लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो बड़े निर्णय लिए। मुख्यमंत्री ने मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनियारी और पथरिया जलाशय जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं, जो लापरवाही का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को पद से हटाने के निर्देश दिए।

### तालाब पार से टीम प्रहरी ने हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर।** टीम प्रहरी नगर निवेश की ओर से शीतला तालाब के पार से सोमवार को अवैध कब्जे हटाये गए। उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा की विशेष उपस्थिति में टीम ने जोन 2 के रेल्वे स्टेशन मार्ग में सुगम आवागन देने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जोन 9 के वार्ड नंबर 10 में सड़क पर कब्जा कर लगायी गयी कबाड़ी दुकान को तत्काल सीलंबद करने कार्यवाही की गयी। जयस्तंभ चौक से साइंस कालेज के सामने मार्ग तक अवैध बैनर और पोस्टर हटाये गये।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली सियासी ढकोसलेबाजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में सोमवार को हुई कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस संविधान के नाम पर सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली की कहावत को चरितार्थ कर रही है। कांग्रेस संविधान के नाम पर झूठा नैरेटिव सेट करके देश को बरगलाने की लाख कोशिश कर ले, लेकिन कांग्रेस के नितांत संविधान व लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक चरित्र से वाकिफ देशवासी अब कांग्रेस के इस झांसे में कतई नहीं आने वाले हैं।



## राज्य सरकार ने लगाया कैविएट

# स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और बीएड का मामला जा सकता है कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित दो अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। एक मामला स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का है और दूसरा बीएड डिग्रीधारी 2621 शिक्षकों के समयोजन का है।

इन दोनों मामलों को लेकर शिक्षकों से जुड़े संगठनों में राजनीति गरमाई हुई है। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार के निर्णय को याचिका के माध्यम से चुनौती देने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं तथा राज्य सरकार के इन निर्णयों तथा उसकी प्रक्रियाओं के विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए। दोनों मामलों में कैवियेट दायर किया गया है।

### बीएड शिक्षकों के समायोजन का मामला

बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले 2621 उम्मीदवारों को शुरू में स्कूल शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था और बाद में 2621 उम्मीदवारों को दी गई नियुक्तियां क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नियमों के विपरीत होने के कारण रद्द कर दी गईं थीं। इसके बाद, उपरोक्त 2621 उम्मीदवारों द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग में उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए बार-बार अभ्यावेदन और अनुरोध किए जाने पर, उन 2621 उम्मीदवारों के मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए अंतर्विभागीय समिति के समक्ष रखा गया और विस्तार से चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, 2621 बीएड डिग्री की योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को सहायक शिक्षक (विज्ञान-प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने के लिए साल्ड समिति द्वारा एक अनुशंसा की गई थी और राज्य सरकार की कैबिनेट में एक निर्णय भी राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार सहायक अध्यापक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर उक्त 2621 अभ्यर्थियों के समायोजन की कार्यवाही अभी भी जारी है।

- राज्य सरकार ने कहा- हमें भी सुनवाई का अवसर मिले
- किसी भी प्रकरण में याचिका लगाए जाने की आशंका





### युक्तियुक्तकरण पर कही ये बात

राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के मामले में कैवियेट के संबंध में कहा गया है कि राज्य सरकार ने ऐसे स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लिया है, जहां स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार स्कूल में प्रवेशित छात्र,बच्चों के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके, जो छात्रों के व्यापक हित के लिए उपयुक्त है और आगे ऐसे स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की जा सके जहां या तो एकल शिक्षक या कोई शिक्षक पदस्थ नहीं है और ऐसे युक्तियुक्तकरण के लिए, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 8 मई 2025 को एक व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संबोधित है। इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति, प्रस्तावित याचिकाकर्ता,पीड़ित शिक्षक दिशा-निर्देशों तथा विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तिकरण के संबंध में इसकी प्रक्रिया को चुनौती देते हुए इस न्यायालय में याचिका दायर कर सकते हैं तथा इसके विरुद्ध अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं। ऐसी याचिका दायर किए जाने की स्थिति में न्याय के हित में यह आवश्यक होगा कि कोई भी आदेश पारित करने से पूर्व कैवेटर,राज्य सरकार को सुनवाई का अवसर दिया जाए।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, वर्षा जल संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- मुख्यमंत्री आज करेंगे मिशन का शुभारंभ

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे।

### सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन और राजेंद्र सिंह रणनीति बताएंगे

डॉ. बसवराजु ने बताया कि प्रथम सत्र में गुजरात के सूरत म्यूनिसिपल कार्पोरेशन की विशेषज्ञ टीम एवं शुभारंभ सत्र के विशेष आमंत्रित वक्ता भारत के वॉटरमैन राजेन्द्र सिंह जल संरक्षण की रणनीति साझा करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर अपनी प्रस्तुतिकरण के बाद प्रतिभागियों से खुली चर्चा करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, अभियंताओं, विशेषज्ञों, समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों से भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### वन, पीएचई और सिंचाई विभाग देंगे प्रस्तुतिकरण

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे। प्रदेश के हाइड्रोलॉजिस्ट रेन वॉटर हॉर्वेस्टिंग की जरूरत, उत्कृष्ट कार्ययोजना और बेस्ट प्रेक्टिसेस पर जानकारी देंगे। क्रेडाई के कॉलोनाइजर्स कॉलोनियों में तथा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि उद्योगों में भू-जल संचय के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रस्तुतिकरण देंगे। वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी भू-जल एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनके परिणामों को प्रस्तुत करेंगे।

# बदहाल यातायात व्यवस्था सुधारने गुजरात की तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन

- 25 ट्रैफिक वार्डन नियुक्त, मिलेगा कलेक्टर दर पर मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने रेंज पुलिस की पहल पर शहर के व्यस्त चौक-चौराहों पर 25 ट्रैफिक वार्डन तैनात किए जाएंगे। ट्रैफिक वार्डन को कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस को निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक वार्डन उपलब्ध कराए हैं।

शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने नगर निगम ने जिस तरह से टीम प्रहरी का गठन किया है। उसी तर्ज पर ट्रैफिक वार्डन का कांसेप्ट लाने की पहल आईजी अमरेश मिश्रा ने की है। आईजी की पहल पर निगम तथा जिला प्रशासन ने ट्रैफिक पुलिस को 25 वार्डन यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक पुलिस में जरूरत के मुताबिक एक चौथाई बल नहीं है। वर्तमान में जो बल है, उनमें से ज्यादातर ट्रैफिक जवान वीआईपी ड्यूटी के लिए तैनात किए जाते हैं। इसके चलते शहर के कई व्यस्त मार्गों पर ट्रैफिक भगवान भरोसे चलता है।



*प्रशिक्षण के बाद होगी तैनाती : ट्रैफिक कंट्रोल करने जिन 25 वार्डन का चयन किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उनकी फील्ड में तैनाती होगी। ट्रैफिक वार्डन के कार्यों की एक माह बाद समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में जो अच्छा कार्य करेंगे, उनसे नियमित ट्रैफिक वार्डन का काम लेंगे, जिनका कार्य गुणवत्ताहीन होगा, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा।*

*रायपुर के बाद अन्य जिलों में होगी पहल : ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से यातायात कंट्रोल करने की रिपोर्ट बेहतर होने के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों में भी यह पहल की जाएगी। ट्रैफिक वार्डन को पुलिस बल की तरह अधिकार नहीं मिलेगा। उनका दायित्व केवल ट्रैफिक कंट्रोल करने तक सीमित रहेगा। वार्डन के साथ कोई दुर्व्यवहार करेगा तो वे उसकी शिकायत थाने में कर सकेंगे। ट्रैफिक वार्डन की जिम्मेदारी संदिग्धों पर नजर रखने की भी रहेगी।*

### बल की कमी के चलते वार्डन करेंगे तैनात

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के अनुसार रायपुर शहर में लगातार वाहनों की वृद्धि होने से सभी चौक-चौराहों पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे वाहनों पार्किंग से अव्यवस्था हो रही है। नगर निगम के टीम प्रहरी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़कों को आवागमन के लिए उपलब्ध कराने, अतिक्रमण पर कार्यवाही प्रभावी तरीके से कर रही है। यातायात बल में कमी होने से सभी जंक्शन स्थानों पर ड्यूटी नहीं लग पा रही है, जिसकी पूर्ति ट्रैफिक वार्डन के माध्यम से की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन, निगम आयुक्त विश्वदीप, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी सहित दो सौ के करीब लोग उपस्थित रहे।

# धान की नीलामी के दूसरे चरण की बोली शुरू, 22 हजार स्टैक शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान की नीलामी का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो गया। एक सप्ताह तक चलने वाली बोली में जिला कलेक्टरों ने मिल मालिकों को बचे हुए धान की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के निर्देश दिए। प्रथम चरण के बाद लगभग 22 हजार स्टैक धान नीलामी के लिए संग्रहण केंद्रों में बचा है। सभी जिलों में हुई बोली के बाद अधिकांश जिलों में तीन हजार से अधिक स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है। मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि 30 जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे धान को नीलामी के माध्यम से बेचा जा रहा है।

राज्य शासन द्वारा बचे हुए धान का विक्रय दर निर्धारित कर नीलामी किया जा रहा है। नीलामी का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। बचे हुए स्टैकों की प्राइस मैचिंग करते हुए उठाव के निर्देश कलेक्टर ने राइस मिलर्स को दिए। राज्य शासन ने मोटा धान पुराने बारदाना के लिए 1900 और नए बारदाना के लिए 1950 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दर निर्धारित किया है। वहीं पतला धान पुराने बारदाने में 2000 और नए बारदाने में 2150 रुपए की दर निर्धारित की गई है। अधिकांश जिलों में व्यापरियों ने संग्रहण केंद्र में धान की स्थिति के आधार पर 1700 रुपए तक बोली लगाई है। बताया जाता है कि सभी को प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया गया है।



- पहले दिन 3 हजार स्टैक पर लगी बोली, एक सप्ताह तक चलेगी

### सभी जिलों में बचा धान

पहले चरण की बोली के बाद सभी जिलों में धान शेष है। रायपुर में 2 हजार स्टैक, सूरजपुर में 738, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद और दुर्ग में अच्छी बोली आने के बाद भी धान की नीलामी में बेस प्राइज के बराबर बोली नहीं आ पा रही है। बताया गया है कि दूसरे चरण की बोली में आज लगभग 3 हजार स्टैक का निराकरण होने का अनुमान है।

# सनातन धर्म प्रतीकों की रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से विधायक, मंडल और आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने कहा, सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर। उन्होंने अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा, उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। शशांक शर्मा ने कहा, आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया , महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्त्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, यह मात्र एक कार्यशाला नहीं अपितु भारत में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुण्य आत्माओं का पुण्य स्मरण रूपी हव्य है। कार्यशाला में मंच संचालन जिला महामंत्री सत्यम दुआ और आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा अध्यक्षा सीमा संतोष साहू ने किया।



- भाजपा रायपुर शहर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# 24 को नीति आयोग की बैठक लेंगे मोदी, साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीति आयोग की बैठक 24 मई को दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहली बार शामिल होंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री बनने के बाद यह विष्णुदेव साय की पहली नीति आयोग बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भाग लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की प्रमुख योजनाओं के लिए केंद्र से अतिरिक्त समर्थन की मांग करेगी। बताया गया है कि पीएम आवास योजना के तहत नए सर्वे के अनुसार 26 लाख मकानों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए अतिरिक्त आबंटन की मांग की जाएगी।

### विशेष पैकेज की होगी मांग

इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और नवा रायपुर के विकास के लिए भी विशेष पैकेज की मांग की जा सकती है। स्मार्ट सिटी योजना में केंद्रीय अनुदान बंद हो चुका है, ऐसे में सीएम शहरी इलाकों में मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट की मांग रख सकते हैं। बैठक की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन पहले ही विभागीय सचिवों के साथ मंथन कर चुके हैं। दिल्ली दौरे के लिए सीएम और मंत्रीमंडल के सदस्य 23 मई को रवाना होंगे।

*भाजपा नेताओं से मिलेंगे साय*

*दिल्ली प्रवास के दौरान सीएम साय की मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं से 24 की शाम या 25 मई को हो सकती है। बताया गया है कि पीएम मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की 25 मई को अलग से बैठक लेंगे।*

# नक्सलवाद पर गृहमंत्री के बयान को लेकर धनेंद्र ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सलवाद पर दिए गए बयान की आलोचना करते हुए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने उन पर निशाना साधा है।

एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि गृह मंत्री विजय शर्मा आरोप लगा रहे हैं कि राहुल गांधी की नीति नक्सलवाद पर स्पष्ट नही है, जबकि राहुल गांधी खुद नक्सलियों और आतंकियो के विरोधी हैं और हमेशा रहे हैं। कांग्रेस की नीति भी आतंकवाद और नक्सालवाद के खिलाफ है। गृह मंत्री इस तरह के अनर्गल आरोप लगाना बंद करें। आतंकवाद और नक्सलवाद की लड़ाई में राहुल गांधी की दादी एवं पिता शहीद हुए हैं। यह शायद गृह मंत्री भूल गये हैं। या कहें कि उनकी याददाश्त कमजोर हो गई है। श्री साहू ने कहा है कि तेलंगाना सरकार पर जो आरोप लगाया गया है कि वे नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में मदद नहीं कर रही है, तो वे तेलगांना सरकार से चर्चा करें एवं सहयोग मांगें। तेलंगाना सरकार सहयोग करेगी, क्योंकि वह भी खुद नक्सलवाद से परेशान है एवं उससे लड़ रही हैं। तेलंगाना सरकार पर भी झूठा आरोप लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय पर्याप्त फोर्स नहीं दी गई और अब तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को भी पर्याप्त फोर्स केन्द्र सरकार के द्वारा नहीं दिया गया है। गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन सी रूकावट पैदा की है?



- गृहमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने नक्सलवाद को खत्म करने में कौन-सी रुकावट पैदा की है?

# बीएलएड बंद करने और आईटीईपी लागू करने पर संसदीय समिति में गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए।

इस बैठक में भारत की शिक्षक शिक्षा प्रणाली से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन (बीएलएड) कार्यक्रम को बंद करने के निर्णय, एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की शुरुआत, उसकी वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति, भविष्य की योजनाएं, पाठ्यक्रम की संरचना और आईटीईपी पढ़ाने के लिए आवश्यक योग्यताओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण, आवश्यक योग्यताओं तथा डीएलएड (प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा) और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) के भविष्य पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, एनसीटीई के अध्यक्ष तथा सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी राय और सुझाव समिति के समक्ष रखे। श्री अग्रवाल ने कहा, शिक्षक शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और व्यवहारिकता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं को तैयार करने वाले शिक्षकों की तैयारी भी आधुनिक, समावेशी और मूल्यनिष्ठ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डीआईईटी जैसे संस्थानों को सशक्त बनाने हेतु विशेष नीति बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार किए जा सकें।



- शिक्षक और शिक्षा की गुणवत्ता पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जताई चिंता, ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत डीआईईटी की वकालत

## खबर संक्षेप



### बाइबिल स्कूल में 200 बच्चे हुए शामिल, मिली शिक्षा

रायपुर। सेंट पॉल्स कैथेड्रल में सोमवार को सुबह 7 बजे वेकेशन बाइबिल स्कूल का प्रारंभ हो गया। पहले दिन करीब 200 बच्चे शामिल हुए। रविवार तक चलने वाले वीबीएस में अलग-अलग आयुवर्ग के अनुसार लगभग 12 कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसमें धर्म, संस्कृति, परंपराओं, नैतिक शिक्षा, गीत-संगीत, कला व राष्ट्रीय दायित्वों के बारे में बच्चों को दक्ष किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार की प्रार्थना से किया। इस दौरान संडे स्कूल के बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद उन्होंने चलेंगे हम ज्योति में... गीत गाते हुए रैली के रूप में चर्च में प्रवेश किया। वीबीएस का मुख्य ध्येय है आदर का पात्र। इसी विषय पर बिशप ने बच्चों को शिक्षा दी। उन्होंने एक्शन सांग भी बच्चों को सिखाया। इस अवसर पर पादरी सुबोध कुमार, कैथेड्रल के पादरी असीम विक्रम, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सदस्य दीपक दास, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, संडे स्कूल सुपरिटेंडेंट नेहा पिल्ले, कोषाध्यक्ष रश्मि जेम्स भी विशष रूप से शामिल रहे।

### सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या आज

रायपुर। सांई सत्संग सेवा संस्थान और वंदेमातरम मित्र मंडली की ओर से 20 मई को सुंदरकांड पाठ एवं भजन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी में शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि सुंदरकांड पाठ और भजन करने उज्जैन से पं. प्रशांत नीरज ठाकुर आएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में आसपास के लोगों सहित वॉलफोर्ट सिटी में रहवासी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे।

### रविवि की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव किया गया है। रविवि द्वारा बीते दिनों प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई थी। इसके बाद प्रवेश परीक्षाओं की तिथियों में भी बदलाव किया गया है। 8 से 15 जून तक दो पालियों में ये प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संशोधित समय-सारिणी विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी, मंगाई दावा-आपत्ति

रायपुर। व्यापम द्वारा पीपीएचटी के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह प्रवेश परीक्षा 8 मई को आयोजित की गई थी। मॉडल आंसर जारी करने के पश्चात व्यापम द्वारा 24 मई तक दावा आपत्ति मांगी गई है। इसके लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए का भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। व्यापम की वेबसाइट पर जाकर मॉडल आंसर देखे जा सकते हैं।

## निधन

### नवोदित रत्नम

रायपुर। राजातालाब निवासी नवोदित रत्नम (37) का 19 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 मई को सुबह 10 30 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे जैकब रत्नम व कांति रत्नम के पुत्र और शिल्पा रत्नम के भाई थे।



# प्रदेश के छह जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में घटिया सामग्री की होगी जांच

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सख्त रुख अपनाया है। आरोप है कि कुछ केंद्रों में घटिया क्वालिटी की सामग्री भेजी गई, जिससे बच्चों और माताओं को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने 6 जिलों में भेजे गए सामान की जांच के आदेश दिए हैं। उनके निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन कर दिया गया है। जांच समिति 15 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर विभाग आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

मंत्री ने विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मंत्री के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों और महिलाओं के लिए प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदायित पोषण सामग्री पूर्णतः सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानकों के अनुरूप हो।

### भ्रष्ट्राचार और लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई

बताया जा रहा है कि मंत्री ने 7 मई को विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद प्रक्रिया में देरी देख उन्होंने एक स्मरण पत्र जारी कर कार्रवाई में तेजी लाने लाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर कहीं भी भ्रष्टाचार या लापरवाही पाई गई, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कदम बच्चों के पोषण और देखभाल को प्राथमिकता देने की दिशा में सरकार की गंभीरता को दर्शाता है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही पहुंचे।



### समिति में शामिल होंगे ये

इस समिति में संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय अध्यक्ष होंगे। अन्य सदस्यों में प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी, प्राचार्य, जीईसी रायपुर, संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक, आईसीडीएस, आईआरक्लास सिस्टम एंड सॉल्यूशन प्रालि और एसजीएस इंडिया प्रालि शामिल हैं। समिति को सामग्री की भौतिक स्थिति और गुणवत्ता मानकों की जांच का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही, संदेहास्पद या परीक्षण योग्य नमूनों को राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजकर वैज्ञानिक विश्लेषण कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## नगर निगम ने रायगढ़ की एजेंसी को जून 2023 में दिया था ठेका

# 42 दिन बाकी, सरोना में 10 एकड़ में दबा कूड़ा हटाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दो दर्जन नोटिस के बाद भी सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का काम धीमा

सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से दबे कूड़ा को निकालकर उसका वैज्ञानिक निष्पादन करने का ठेका लेने वाली एजेंसी समय पर अपना काम पूरा नहीं कर पायी है। अनुबंध के दो साल बीतने के बाद भी ठेका एजेंसी अब तक 28 एकड़ में जमा कूड़ा की स्क्रीनिंग पूरी कर पायी, जबकि 10 एकड़ में दबे कचरे को हटाने केवल 42 दिन बाकी रह गये। बारिश से पहले कचरा निष्पादन का काम पूरा नहीं हुआ, तो एनजीटी की कार्रवाई होना तय है। रायगढ़ की एजेंसी को नगर निगम ने जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपए में इस कार्य का ठेका दिया। अनुबंध के हिसाब से काम की मियाद दिसंबर 2024 में पूरी हो चुकी है। तत्कालीन आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को 6 माह का अतिरिक्त समय दिया। यह समय अवधि जून 2025 में पूरी हो जाएगी।

बारिश में सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड का कचरा मुसीबत बन सकता है। नेशनल ग्रीन टिब्यूनल की फटकार के बाद सरोना में फैले ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप 4 लाख 50 हजार मीट्रिक टन कचरे की सफाई पर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। जमीन में दबे इस कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने नगर निगम ने राज्य शासन के आदेश पर जून 2023 में रायगढ़ की हिलब्रो मेटेलिक एंड आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड को जून 2023 में 12 करोड़ 64 लाख रुपये में ठेका दिया। अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना था, जो अब तक नहीं कर पाई है। सूत्रों के मुताबिक अभी भी यहां करीब 3 लाख 70 हजार मीट्रिन टन कूड़ा की स्क्रीनिंग करके बाहर रखा गया है। बारिश से पहले यह कचरा अगर नहीं हटा, तो निगम में एनजीटी की कार्रवाई करीब तय मानी जा रही है।



विदित हो, अनुबंधित एजेंसी के आवेदन पर तत्कालीन निगम आयुक्त ने उसे 6 माह का अतिरिक्त समय काम पूरा करने दिया। यह समय पूरा होने में 42 दिन रह गये। जिस जमीन से कचरा निकाला गया है, उसे अलग-अलग साइट तक पहुंचाने में भी एजेंसी फिसड्डी साबित हो रही है।

### दो दर्जन नोटिस का असर नहीं, 1 करोड़ 20 लाख का भुगतान रोका

हैरानी की बात ये है कि नगर निगम ने रायगढ़ की जिस एजेंसी को सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा निष्पादन का ठेका दिया है, उसके काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए निगम प्रशासन अब तक 2 दर्जन नोटिस काम में तेजी लाने के लिए दे चुका है। इसके बाद भी अनुबंधित एजेंसी काम में अपेक्षाकृत तेजी नहीं ला सकी। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने एजेसी को संसाधन बढ़ाने की भी हिदायत दी, पर इसका असर देखने को नहीं मिला। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि ड़ेढ सालों में सिर्फ 1 करोड़ 50 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया, जबकि 1 करोड़ 20 लाख रुपये का भुगतान रोका गया है। जून तक ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरे की सफाई नहीं हुई, तो जुलाई में यहां सघन वृक्षारोपण कर सिटी फारेस्ट बनाने की योजना खटाई में पड़ सकती है।

# चर्चित यश शर्मा अपहरण, हत्याकांड के गवाहों को बयान नहीं बदलने पर जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जेल में बंद बदमाश ने कॉल कर गवाह को यश से बुरी मौत देने की दी धमकी
- अपर सत्र न्यायधीश ने दिए जांच के आदेश

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चर्चित यश शर्मा अपहरण तथा हत्याकांड के आरोपी के खिलाफ एक गवाह ने संबंधित कोर्ट, एएसपी तथा थाने में धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा जिस कोर्ट में मामला चल रहा है, उस कोर्ट ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गवाह ने जेल में बंद आरोपी द्वारा भी उसे कॉल कर धमकी देने का आरोप लगाया है।

खुशाल तोलानी तथा कमलेश बुलवानी ने यश शर्मा के अपहरण तथा हत्या के आरोप में जेल में बंद तुषार पाहुजा, यश खेमानी, चिराग पंजवानी और तुषार पंजवानी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। दोनों गवाहों ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि सोमवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के एक दिन पहले रविवार को उनके पास अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आता है। कॉल करने वाला दोनों गवाहों को कोर्ट में अपने बयान बदलने की धमकी देते हुए उन्हें मिलने के लिए उद्योग भवन के पास बुलाता है। जाने से इनकार करने पर तीन बदमाश खुशाल के घर के पास पहुंचते हैं और उसे कॉल कर बुलाते हैं। खुशाल अपने दादा के साथ कार वाले से मिलने जाता है। तब बदमाश खुशाल को अपने साथ कार में चलने के लिए दबाव बनाता है। इनकार करने पर गाली-गलौज करता है।



मृतक : यश शर्मा

### यश से बुरी मौत मारने की धमकी

खुशाल ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि कार सवार जो तीन लोग उसे धमकी देने के लिए आए थे, उन लोगों ने उसकी जेल में बंद तुषार पाहुजा से मोबाइल में बात कराते हैं। तुषार खुशाल को धमकी देते हुए कहता है कि अगर उसने कोर्ट में बयान नहीं बदला, तो उसे वह यश से बुरी मौत देगा।

### यह है पूरा मामला

प्रेम प्रसंग के विवाद पर तुषार तथा उसके अन्य साथी पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को यश को मिलने के लिए बुलाते हैं। इसके बाद बदमाशों ने यश को अपनी कार में बैठाकर मंदिर हसौद ले गए और वहां जमकर मारपीट की। मारपीट करने के बाद उसे कार में अलग-अलग जगह ले जाकर घुमाते रहे। बेसुध होने पर यश को बदमाश जोरा स्थित एक फार्म हाउस में बंधक बनाकर तीन दिन तक रखे रहे और दर्द भगाने के नाम पर जबरन शराब पिलाते रहे। हालत बिगड़ते देख यश को बदमाश उसके घर के पास छोड़ गए। यश की तीन माह बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिन गवाहों को धमकी दी गई है, वे यश के दोस्त हैं। उन लोगों ने यश को अपहरण कर ले जाते देखा था।

# शराब घोटाला- अरविंद सिंह के साथ अनवर को सुप्रीम कोर्ट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लंबे समय से ट्रायल शुरू नहीं होने पर कोर्ट ने दी जमानत

दो हजार करोड़ रुपए के ज्यादा के शराब घोटाला में जेल में बंद अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। शराब घोटाला में मनी लांड्रिंग करने के आरोप में ईडी ने अनवर, अरविंद सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ लोगों को पूर्व में ही जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने अरविंद सिंह को सोमवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया।

अनवर ढेबर तथा अरविंद सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई जस्टिस अभय ओका तथा जस्टिस उज्ज्वल भुयान की बेंच में हुई है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में तर्क देते हुए बताया कि लंबे समय से जेल में बंद होने के बाद भी अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। इसीलिए अरविंद तथा अनवर को जमानत का लाभ देने आवेदन किया गया। कोर्ट ने शर्तों के साथ अरविंद सिंह तथा अनवर ढेबर को जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी अनवर ढेबर तथा अरविंद सिंह जेल से बाहर नहीं आएंगे। उनके खिलाफ ईओडब्लू में शराब घोटाले को लेकर अपराध दर्ज है।

### ईडी की विशेष कोर्ट में अरविंद सिंह उपस्थित

सुप्रीम कोर्ट में जमानत मिलने के बाद अरविंद सिंह को ईडी के विशेष न्यायालय में पेश किया गया। अरविंद सिंह को 1 लाख रुपए की मुचलका राशि जमा कराने और अपना पासपोर्ट ईडी ऑफिस में जमा कराने कोर्ट ने आदेश दिए। इसके साथ ही हर 15 दिन में ईडी कार्यालय पहुंच उपस्थिति दर्ज कराने आदेश दिए। साथ ही पूछताछ में ईडी को सहयोग करने कहा गया है।

## पेज 11 के शेष ...

### हटाए जाएंगे 10वीं में...

61.50% छात्र ही उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं रायपुर के 66.24% छात्र ही दसवीं कक्षा में उत्तीर्ण हो सके हैं। तीसरे पायदान पर 68.76% उत्तीर्ण छात्रों के साथ राजनांदगांव रहा है। बारहवीं कक्षा में सबसे खराब नतीजे मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के रहे। यहां सिर्फ 66.86% छात्र ही उत्तीर्ण हुए। दूसरे स्थान पर 68.09% के साथ सारंगगढ़ और तीसरे स्थान पर 68.27% के साथ गोरेला-पेंड्रा-मरवाही रहा है। बारहवीं की परीक्षा में शामिल रायपुर के 21 हजार 139 छात्रों में से 79.94 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं।

### छोटे जिलों का...

बालोद-72.23%, बेतेमरा-71.62%, धमतरी-72.01%, दुर्ग-71.53%, कवर्धा-77.42%, महासमुंद-78.33%, रायपुर-66.24%, राजनांदगांव-68.76%, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-70.40%, बिलासपुर- 75.60%, जांजगीर-चांपा-71.98%, कोरबा-74.49%, मुंगेली-69.17%, रायगढ़-78.63%, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही-61.50%, सक्ती-73.74%, सारंगगढ़-70.53%, सूरजपुर-74.72%, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-79.73% परिणाम के साथ सूची में हैं।

### 10वीं की तुलना में...

कोंडागांव-83.11%, नारायणपुर-82.26%, सुकमा-84.11%, बलरामपुर-82.82%, जशपुर-94.01%, कोरिया-92.42% और सरगुजा-85.94% शामिल है। इसके अतिरिक्त बालोद-77.62%, रायपुर-79.94%, जांजगीर-चांपा-72.45%, मुंगेली-77.99%, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही-68.27%, सक्ती-78.33%, सारंगगढ़-68.09%, सूरजपुर-72.37% और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-66.86% परिणाम रहे हैं।

### गाड़ी वाला आया, घर...

कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज लेने का सिस्टम बनाया। यह यूजर चार्ज लोगों की सुविधा अनुसार साल में एक बार प्रापर्टी टैक्स के साथ जोड़कर करदाताओं से लिया गया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि साल 2024-25 में तीन साल पूरा हो रहा है। इसलिए वित्तीय वर्ष 2025-26 से नियम अनुसार यूजर चार्ज में बढ़ोतरी होगी। इसके लिए राजस्व महकमे ने शासन के आदेश को ध्यान में रखते हुए यूजर चार्ज बढ़ाने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक यूजर चार्ज की बढ़ी हुई दर को विभागीय सिस्टम में अपलोड कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक घरेलू कचरा कलेक्शन के लिए पूर्व में लिये जा रहे यूजर चार्ज में 10 रुपए प्रतिमाह की बढ़ोतरी और व्यावसायिक परिसर से निकलने वाले कूड़ा के कलेक्शन पर यूजर चार्ज में 30 रुपये मासिक वृद्धि हो सकती है।

### अमूल, मदर डेयरी के...

इजाफा किया है। सुप्रीम दूध के दाम 62 रुपए से 64 रुपए लीटर कर दिए हैं। अब इसका आधा लीटर का पैकेट 32 रुपए में मिलेगा। इस तरह से पॉवर के दाम आधा लीटर के 28 से बढ़ाकर 29 रुपए कर दिए हैं। इसके एक लीटर में दो रुपए का इजाफा किया गया है। देवभोग लाइट के दाम में भी दो रुपए का इजाफा किया गया है। इसके दाम अब 50 से बढ़कर 52 रुपए हो गए हैं।

### नशेड़ियों ने सॉफ्टवेयर...

लेकर पूछताछ कर रही है। घटना मुजगहन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात की है। बदमाशों ने पंकज कुमार सिंह के साथ मारपीट की है। घटना दिनांक को बदमाशों ने पंकज के घर में घुसकर नशा करने पांच सौ रुपए मांगे। पंकज ने पैसे देने से इनकार कर दिया, जिस पर बदमाश घर से बाहर आकर पंकज के घर पथराव करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने पंकज को घर से जबरन खींचकर बाहर निकाला और उसकी लात-घूंसे और चप्पल से पिटाई करते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद बदमाशों ने उस वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

*मरा समझकर छोड़कर भागे :* बदमाशों के वायरल वीडियो में जैसा दिख रहा है, उसके अनुसार मारपीट के बाद पंकज बेदम होकर जमीन में लेट जाता है, उस समय एक बदमाश उसकी सांस चेक करता है। सांस चलती देख बदमाश उसके साथ पुनः मारपीट करने लगते हैं। बेहोश होने पर बदमाश पंकज को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो जाते हैं।

*पुलिस ने इन बदमाशों को किया गिरफ्तार :* सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मुजगहन निवासी अमन बंजारे, राघव पटेल, साजन बंजारे, अनिल कुमार, प्रियांशु चंद्र तथा दो नाबालिग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने बदमाशों का उसी जगह जाकर जुलूस निकाला, जहां उन लोगों ने दहशत फैलाकर लोगों को डराने की कोशिश की थी।

# होटल कैफे में छापा, अवैध रूप से पिलाई जा रही थी शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मैनेजर गिरफ्तार

राजधानी रायपुर के कई होटल, कैफे एवं ढाबा में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। आबकारी विभाग ने पूर्व में ऐसे कई मामलों में कार्रवाई भी की है, लेकिन इसके बाद भी कई होटल, कैफे एवं ढाबा में शराब पिलाने का अवैध कारोबार चल रहा है। आबकारी विभाग ने रविवार को शहर के बैजनाथपारा स्थित होटल गोल्डन आई-आई बीजा कैफे में छापा मारकर यहां से 15 बोतल बीयर जब्त की है, जिसकी कीमत 33 सौ रुपए है। विभाग ने इस मामले में होटल कैफे के मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग दो जगहों से अन्य दो लोगों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

जिला आबकारी उपाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि सहायक जिला अधिकारी वैभव मित्तल के नेतृत्व में विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर होटल आई-आईबीजा कैफे में रात करीब 10 बजे छापा मारा। इस दौरान होटल कैफे के किचन से बटवाइजर ब्रांड की 15 सीलबंद बीयर बरामद की। पूछताछ पर पता चला कि होटल कैफे ने शराब पिलाने का लाइसेंस ही नहीं लिया है। इसके बाद उसके मैनेजर होतासान सुना को गिरफ्तार किया है।

# महापौर मीनल पहुंचीं काशीराम नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की महापौर मीनल चौबे सोमवार को काशीराम नगर के आवासीय परिसर पहुंचीं। वहां उन्होंने लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। वहां के जर्जर आवासों में रहने वाले सैकड़ों परिवारों को पक्के व सुरक्षित आवास में व्यवस्थान कराने जोन 3 कमिश्नर को दिशा निर्देश भी दिए। दरअसल , काशीराम नगर के अत्यंत जर्जर मकानों में निवास कर रहे 275 फ्लैटधारकों को व्यवस्थापन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मठपुरैना में निर्मित पक्के आवास में आवास आवंटन किया जाना है। जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल से प्रभावित परिवारों को उनके सामानों सहित जर्जर मकानों से मठपुरैना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित पक्के आवास में जल्द लाटरी पद्धति से मकानों की नंबरिंग कर आवास आवंटन की कार्यवाही करने कहा गया। इस दौरान वार्ड पार्षद महेश ध्रुव, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, सहायक अभियंता योगेश यदु, नरेश साहू की उपस्थिति रही।



कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
**आम सूचना**
जारी दिनांक 15/05/2025
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नीलीमा मरदा पति श्री महेश कुमार मरदा निवासी बंसारा हिल्स हैदराबाद तेलंगाना छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरताई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 373, 375/2, 375/4 रकबा 0.3640, 0.0840, 0.0650 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06/05/2025 के परिपालन में दिनांक 22/05/2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।
अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरताई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।
(राजस्व निरीक्षक)
रायपुर-10

पत्र क्रं /19932/ न.पा.नि.जोन क्र.10/2025
रायपुर, दिनांक 09-05-2025
**ईश्तहार**
नामंतरण प्र.क्र. 19932
वार्ड का नाम 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652K00199 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MOHAMMED IMRAN KHAN पिता / पति श्री/श्रीमती MARHOOM MOHAMMED ISRAIL KHAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Ayyub Khan पिता / पति श्री श्रीमती S/O Mohammad Jainuddin ने मृत्यु प्रमाण पत्र , सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार। पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
"सूचना जारी करे"
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम,रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com
आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 900 डाक्टर कर रहे बांड पोस्टिंग का इंतजार, जूडा एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया अपनाने के साथ पिछले चार माह से बांड पोस्टिंग की राह देख रहे 900 डाक्टरों को तत्काल सेवा में लिये जाने की मांग की गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों में कमी का हवाला भी दिया है। इस मामले में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में शीघ्र फैसला लिये जाने मांग की गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अनुबंध सेवा के तहत शीघ्र पोस्टिंग दिए जाने की मांग की है। उल्लेख किया गया कि एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले लगभग 700 एवं एमडी-एमएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 200 विशेषज्ञ डॉक्टर विगत चार महीनों से अपनी अनुबंध पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### प्रदेशभर में धर्म समाज प्रकोष्ठ का दायित्व निभाएंगे भीखम

**रायपुर।** प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 2338 द्वारा सर्व सम्मति से धर्म प्रचार समिति के सदस्य भीखम



देवांगन के कार्यों को समाज के प्रति दायित्वों और धर्म कर्म के प्रति जागरूकता को देखते हुए समाज द्वारा उन्हें नए दायित्व सौंपते हुए देवांगन समाज के तहत धर्म समाज प्रचार प्रकोष्ठ का निर्माण किया है। इसका प्रदेश अध्यक्ष भीखम देवांगन को नियुक्त किया। यह नियुक्ति प्रदेश देवांगन समाज के द्वारा वर्तमान कार्यकाल तक रहेगा। देवांगन समाज द्वारा भीखम देवांगन की सक्रियता को देखते हुए धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने का जो काम लगातार भीखम देवांगन द्वारा किया गया, उसे देखते हुए समाज द्वारा उन्हें धर्म समाज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष का पद देने का निर्णय किया है।

### संस्कृत भारती का क्षेत्र प्रशिक्षण वर्ग शुभारंभ



**रायपुर।** संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ द्वारा सरोना स्थित केपीएस स्कूल में सोमवार को मध्यक्षेत्र प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केपीएस सरोना के संचालक राकेश मिश्रा, मुख्य वक्ता भरत बैरागी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के पूर्व कुलपति डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर शामिल हुए। इस मौके पर अतिथियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में मालवा, मध्यभारत, महाकौशल तथा छत्तीसगढ़ प्रांत से 70 प्रशिक्षर्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने के उद्देश्य से संस्कृत भारती द्वारा वर्षभर प्रशिक्षण आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी हासिल करने 10वीं में 500 और 12वीं में चुकाने होंगे 700 रुपए

## उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी में गलतियां देखकर पुनर्मूल्यांकन का निर्णय ले सकेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए परिणाम के बाद की प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, छात्र अपनी पसंद के विषयों के लिए अपनी आंसर-शीट की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त कर सकेंगे।

इन स्कैन की गई कॉपियों की समीक्षा करने के बाद, वे अंकों के वेरिफिकेशन, आंसरों के पुनर्मूल्यांकन या दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक सूचना के अनुसार, केवल वे छात्र जिन्होंने अपनी आंसर-शीट की फोटोकॉपी के लिए आवेदन किया है, वे नंबरों के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

बोर्ड ने कहा, फोटोकॉपी प्राप्त करने के बाद, छात्रों को मूल्यांकन में किसी भी गलतियां दिखे तो इसलिए उसे ध्यान से पढ़ें। किसी भी प्रश्न पर दिए गए नंबरों के री-इवैल्यूएशन रिक्वेस्ट या चुनौती केवल थ्योरी पेपर के लिए स्वीकार की जाएगी। अर्थात प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। केवल सैद्धांतिक विषयों के लिए ही यह लागू होगा।

### 27 मई से आवेदन

10वीं के छात्र 27 मई से 2 जून 2025 तक अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई 10वीं की आंसरशीट की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त करने के लिए छात्रों को प्रति विषय 500 रुपए शुल्क देना होगा। स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त करने के बाद, जो छात्र अपने नंबरों से असंतुष्ट हैं, वे अगले चरण में जा सकते हैं। इस दूसरे चरण में, वे अंक वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन या दोनों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस चरण के लिए आवेदन विंडो 3 जून से 7 जून तक खुली रहेगी। नंबर वेरिफिकेशन के लिए छात्रों को प्रति आंसरशीट 500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि पुनर्मूल्यांकन शुल्क 100 रुपए प्रतिप्रश्न है।




### 12वीं के छात्र कल से कर सकेंगे आवेदन

12वीं कक्षा के छात्रों के लिए सीबीएसई यह प्रक्रिया पहले आरंभ करेगा। सीबीएसई के 12वीं कक्षा के छात्र 21 मई से 27 मई तक अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अपनी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपियां प्राप्त करने के लिए आवेदन शुल्क 700 रुपए प्रति विषय है। नंबरों के वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन या दोनों के लिए आवेदन करने की विंडो 28 मई से 3 जून तक खुली रहेगी। नंबरों के वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन या दोनों के लिए आवेदन करने का शुल्क दसवीं कक्षा के समान है।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर मंडल के उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर स्टेशनों का पुनर्विकास का कार्य पूर्ण

# हाईटेक स्टेशन बना उरकुरा, अब यात्रियों की सहूलियत के लिए हर सुविधा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सफर को आरामदायक बनाने की दिशा में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प कर उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। इन स्टेशनों पर अब यात्रियों को बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, वाई-फाई, स्पष्ट दिशा-निर्देश संकेतक, पीने के पानी की व्यवस्था और दिव्यांगजन के लिए सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे ने स्टेशनों में सुविधा बढ़ा दी है। साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक और हरियाली को प्राथमिकता देते हुए पुनर्विकास कार्य किए गए हैं। पुनर्विकास कार्य के बाद स्टेशनों की सूरत बदल चुकी है। 22 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर मण्डल के उरकुरा, भिलाई एवं भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा।




### यात्रियों को मिलेगा नया अनुभव

उरकुरा स्टेशन अब पूरी तरह से नए और आधुनिक स्वरूप में यात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है। स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं और पहुंच को सरल बनाने के लिए प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। स्टेशन तक पहुंचने के लिए 12 मीटर चौड़ी कंक्रीट की सड़क और 5.4 मीटर व 3.8 मीटर चौड़ी पैदल सड़कों का निर्माण किया गया है। प्रवेश द्वार को भव्य और आकर्षक स्वरूप दिया गया है, जिससे स्टेशन का पहला दृश्य ही मन मोह लेता है। जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है ताकि बरसात के समय यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्टेशन की सीमा पर आकर्षक पेंटिंग्स से सजी दीवारें सौंदर्य में इजाफा करती हैं। स्टेशन पर 16 मीटर इंटू 10 मीटर का पोर्च बनाया गया है, जिससे गाड़ियों से उतरने वाले यात्रियों को छांव और सुरक्षा मिले। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए पक्की सतह वाली पार्किंग विकसित की गई है, जिसमें हाई मास्ट लाइटिंग की सुविधा है।

### स्टेशन में मिलेंगी स्मार्ट सुविधाएं

स्टेशन परिसर में यात्रियों की सहूलियत और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं।स्टेशन पर साफ़ और स्पष्ट नाम बोर्ड लगाया गया है। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, एप्रोच रोड और स्टेशन बिल्डिंग में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए शेल्टर के नीचे अधिक पंखे लगाए गए हैं।विशेष रूप से दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की सुविधा स्टेशन मैनेजर के पास उपलब्ध रहेगी। यात्रियों की तत्काल सहायता हेतु 'सहायता बूथ' भी स्थापित किया गया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्टेशन पर अग्निशमन यंत्र, 12 आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली की व्यवस्था की गई है। ट्रेन की जानकारी के लिए दो ट्रेन सूचना डिस्प्ले बोर्ड, एक सिंगल लाइन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल टाइम टेबल, जीपीएस टावर क्लॉक व जीपीएस प्लेटफॉर्म क्लॉक लगाए गए हैं। टिकट काउंटर पर किराया डिस्प्ले बोर्ड, संचार प्रणाली और प्राथमिक उपचार बॉक्स भी उपलब्ध है।

# राज्य के 21 शिक्षक संगठन हुए एकजुट, मिलकर बनाया साझा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 4 सूत्रीय मांग को लेकर मंत्रालय में सौंपेंगे आज ज्ञापन

राज्य के 21 शिक्षक संगठनों ने मिलकर एक साझा मंच बनाया है। इस साझा मंच से जुड़े सभी संगठन के पदाधिकारी 20 मई को प्रातः 11 बजे मंत्रालय के महानदी परिसर में एकत्रित होंगे। इसमें युक्ति युक्त करण पर रोक लगाने, क्रमोन्नत वेतन पर आदेश जारी करने सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह जानकारी 21 संगठनों के प्रांत अध्यक्षों के साझा मंच द्वारा संयुक्त रूप से दी गई है।

विदित हो, शिक्षक संगठनों के साझा मंच की अब तक दो बार बैठक भी हो गई है। पहली ऑफलाइन बैठक राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संगठन के कार्यालय में 14 मई को हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 16 मई को ऑनलाइन हुई। इसमें सभी 21 शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए । जिसमें यह तय किया कि 21 मई को युक्तियुक्त करण रद्द करने, सोना साहू के तर्ज पर प्रदेश के सभी पात्र शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान देने के लिए जनरल आर्डर जारी करने और प्रथम सेवा गणना कर पेंशन सहित समस्त लाभ देने पर सहमति बनी। इसी तरह व्याख्याता तथा प्राचार्य पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त कर डीएड/बीएड प्रशिक्षित दोनों को शामिल करने सहित अन्य मांगों को लेकर सहमति बनी।

इस मौके पर शिक्षक महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने कहा कि सरकार की घोषणा पत्र में मोदी गारंटी के तहत 56 हजार शिक्षक भर्ती करने के बजाय 35 हजार पदों को समाप्त करना बेरोजगारों के साथ छलावा है। संयुक्त शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के केदार जैन ने किहा युक्ति युक्त करण सरकार की हठधर्मिता है, जिसमें विद्यालय, बच्चों व शिक्षकों का अहित सुनिश्चित है। सरकार 2008 का सेटअप का पालन करे। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसियेशन के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग ने कहा कि विद्यालय व शिक्षक का युक्तियुक्त करण में व्यापक विसंगति है, शिक्षा के अधिकार खुला उल्लंघन व बच्चों को शिक्षा से वंचित कर निजी स्कूलों को प्रोत्साहित करने का अभियान है।

### बैठक में ये हुए शामिल

बैठक में प्रांताध्यक्ष केदार जैन, कृष्णकुमार नवरंग, राज नारायण द्विवेदी, मनीष मिश्रा, जाकेश साहू, शंकर साहू, विकास राजपूत, चेतन बघेल, विक्रम राय, कमल मुरचुले, भूपेंद्र बनाफर, प्रदीप पांडे, अनिल टोप्पो, विष्णु साहू, गिरीश केशकर, लेनुन भारद्वाज, प्रीतम कैशले, धरम बंजारे, भूपेंद्र गुलहरे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# छात्रों ने तोड़ा प्रशासनिक भवन का ताला, सुबह 7 बजे परीक्षा से नाराज

■ प्रात: 7 बजे से प्रारंभ होगी सेमेस्टर परीक्षा, 6.30 बजे पहुंचना होगा केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवि द्वारा निर्धारित समय को लेकर छात्रों का रोष बरकरार है। विद्यार्थी इसमें बदलाव की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि सुबह 7 बजे परीक्षाएं आयोजित किए जाने की स्थिति में उन्हें 6.30 बजे केंद्र पहुंचना होगा। कई विद्यार्थी दूरस्थ क्षेत्रों में रहते हैं। इतनी सुबह आवागमन के साधन भी सुगम नहीं होते हैं। ऐसे में परीक्षा के समय को बदला जाए। अपनी मांगों को लेकर छात्रों ने सोमवार को विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। एनएसयूआई द्वारा किए गए इस प्रदर्शन के दौरान गहमा-गहमी की स्थिति भी निर्मित हो गई। ज्ञापन सौंपने के लिए कुलपति से मिलने की मांग कर रहे छात्रों को मुख्य द्वार पर ही घंटों तक रोक दिया गया। इससे आक्रोशित छात्रों ने प्रशासनिक भवन का ताला तोड़ दिया।

### समय पर उपलब्ध कराएं सेंटर की जानकारी

छात्रों ने कहा, हम शांतिपूर्वक ज्ञापन देने आए थे, लेकिन हमें रोका गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है। ताला तोड़े जाने के बाद प्रबंधन हरकत में आया और कुलसचिव ने छात्रों से मुलाकात की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों के मुताबिक, उन्हें 6:30 बजे तक सेंटर पहुंचना पड़ता है, जबकि इतनी सुबह न परिवहन उपलब्ध होता है, न ही तैयारी का समय। पहले भी मांग रखी गई थी, लेकिन प्रशासन ने नजरअंदाज किया। परीक्षा समय में संशोधन के साथ-साथ छात्रों को रोल नंबर और सेंटर संबंधित जानकारी समय पर और स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। पुनेश्वर लहरे, अनुज शुक्ला, रजत ठाकुर, अंकित बंजारे, हिमांशु तांडी, मनीष बांधे अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित रहे।

# निलंबन के शिकार निजी अस्पतालों की आयुष्मान योजना में वापसी के संकेत, गलतियों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ गड़बड़ी के आरोप में चार महीने पहले प्रदेश के 23 अस्पतालों पर हुआ था एक्शन

गलतियों की वजह से आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से निलंबित हुए अस्पतालों की पुनः वापसी के संकेत दिए गए हैं। उनके द्वारा बरती गई लापरवाही के मामले में पिछले दिनों सुनवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग की स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा चार महीने पहले ताबड़तोड़ एक्शन लेते हुए 23 अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया था और कुछ पर बड़ा जुर्माना भी लगाया था।

प्रदेश में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में मरीजों के इलाज के नाम पर किया जाने वाला फर्जीवाड़ा स्वास्थ्य विभाग की सख्ती के बाद कम होने लगा है। विभागीय टीम ने केंद्रीय स्तर मिली सूचना के आधार पर फरवरी में प्रदेश के बड़े-छोटे निजी अस्पतालों में दबिश दी थी। इस दौरान वहां काफी शिकायत मिली थी, जिसमें कई तो बड़े गंभीर थी। शिकायतों के आधार विभागीय अफसरों ने सख्ती दिखाते हुए अस्पतालों को एक साल से लेकर तीन महीने तक योजना से निलंबित कर दिया था। इसके साथ कुछ बड़े अस्पतालों पर तगड़ा जुर्माना भी ठोका था। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई के मामले में अस्पतालों द्वारा अपनी भूल स्वीकारने और विभागीय अफसरों द्वारा नरमी दिखाते हुए मामले में सुनवाई के लिए मौका दिया गया था। पिछले दिनों करीब 15 अस्पतालों के प्रकरण में सुनवाई की गई। सूत्रों का कहना है कि जिन अस्पतालों के निलंबन की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके साथ कुछ अन्य की योजना में वापसी की संभावना बन रही है।

# डायलिसिस वाले किडनी के रोगियों के जीवन को बेहतर बना सकता है योग, एम्स में हुआ रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित और डायलिसिस पर रहने वाले रोगियों के जीवन को योग बेहतर बना सकता है। विशेष तरह के योग से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नेफ्रोलॉजी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से किए गए एक शोध अध्ययन में यह प्रमाणित हुआ है।

चिकित्सकों के मुताबिक एम्स में हुआ यह रिसर्च भारतीय जर्नल ऑफ नेफ्रोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। जो यह दर्शाता है कि योग, सीकेडी रोगियों द्वारा झेली जा रही शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कठिनाइयों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

नेफ्रोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनय राठौर ने बताया कि बीमारी की वजह से नियमित रूप से डायलिसिस पर रहने वाले मरीज अक्सर सामाजिक अलगाव, थकावट और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। इसीलिए उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए उन्हें अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के डॉ. विक्रम पाई बताया कि यह अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि सरल एवं घर पर की जा सकने वाली योग पद्धति एक कम लागत वाली, संपूर्ण एवं सहयोगी चिकित्सा पद्धति के रूप में किडनी रोगियों के दैनिक जीवन को बेहतर बना सकती है।



### बिना डायलिसिस वालों पर अध्ययन

डा. पई ने बताया कि पेरीटोनियल डायलिसिस पर रहने वाले मरीजों के लिए योग कारगर हो चुका है। अब इस तरह का अध्ययन हेमोडायलिसिस और डायलिसिस की स्थिति तक नहीं पहुंचने वाले किडनी रोगियों पर किया जा रहा है। कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि एम्स पारंपरिक चिकित्सा और प्रमाण-आधारित योग जैसी उपचार पद्धतियों को एकीकृत करके मरीजों को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

### गोदड़ीवाला धाम में वर्षी महोत्सव को लेकर बैठक

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में आगामी 7 जून को अम्मा चोलेवाली का वर्षी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को गोदड़ीवाला धाम देवपुरी में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सेवादारों ने सर्वसम्मति से आवास, भंडारा, सत्संग-कीर्तन की रूपरेखा तैयारी की। इसी दौरान सेवादारों ने बताया कि इस वर्षी महोत्सव में रायपुर के अलावा प्रदेश के 11 गोदड़ीवाला धाम के श्रद्धालु शिरकत करते हैं एवं शहर के सभी मुखीगण, पंचायत के प्रतिनिधि तथा सामाजिक संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाता है। सभी आकर बाबाजी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह जानकारी दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी ने देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी एवं सभी सेवादारी हरि इसरानी, इंदरलाल सचदेव, लाल खूबचंदानी, सुशील केसवानी, घनश्याम माखीजा, सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी, महेश हरजानी, दिलीप इसरानी, गन्नू काशवानी, सुनील काशवानी, रॉकी काशवानी, राजन रोहरा, नरेश परियानी, निक्की जोधवानी अन्य सभी माता मंडली के सेवादारी उपस्थित थे।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा का रायपुर में 'एसएमई ग्राहक संपर्क' कार्यक्रम




**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रायपुर में एक विशेष 'एसएमई ग्राहक संपर्क' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसएमई शाखा, रायपुर अंचल एवं अंचल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित एसएमई ग्राहकों का शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक प्रभावशाली पीपीटी प्रस्तुति के साथ हुई, जिसमें बैंक के प्रमुख एसएमई उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर पी. सिंह ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा से उनके निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए आभार जताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैंक सदैव अपने ग्राहकों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर डॉ. आरके मोहंती, भरतकुमार चावड़ा, किसलय प्रसाद सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जीके इलेक्ट्रिक ने मनाया 3000 प्लस वाहनों की डिलीवरी का जश्न




रायपुर में लगाया तीन दिवसीय फ्री मेगा सर्विस कैंप

**रायपुर।** जीके इलेक्ट्रिक ने अपनी 3000 से अधिक ई-वाहनों की सफल डिलीवरी के उपलक्ष्य में भाठागांव स्थित डीलरशिप पर 18 से 20 मई तक तीन दिवसीय निशुल्क मेगा सर्विस कैंप और लोन-एक्सचेंज मेला आयोजित किया। इस विशेष अवसर पर ग्राहकों को फ्री बैटरी चेकअप, जनरल और इलेक्ट्रिकल चेकअप तथा डिस्टिल्ड वाटर टॉपअप जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही स्पेयर पार्ट्स पर 5% और लेबर चार्ज पर 25% की विशेष छूट भी दी गई, जिससे ग्राहकों को बड़ी राहत मिली। कैंप में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया और ई-वाहनों के रखरखाव के लिए उपयोगी सुझाव भी प्राप्त किए। कंपनी द्वारा ग्राहकों को रुटीन मेंटेनेंस के लाभ और वाहन के दीर्घकालिक प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखने के टिप्स भी दिए गए। जीके मोटर्स रायपुर डीलरशिप के सीईओ संजय पंजाबी ने कहा कि यह आयोजन हमारे ग्राहकों के प्रति आभार प्रकट करने और उन्हें बेहतर सेवा देने का हमारा संकल्प है।



02




25 सालों में 3 सिंगल स्क्रीन से....

## लाइव इवेंट

## ऐ मेरे प्यारे वतन...सुनो गौर से दुनिया वालों... देशभक्ति गीतों से किया जवानों को सलाम



**रायपुर।** राजधानी के सुर-बिहान मेडिकोज संगीत संस्था ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर को शान से अंजाम देने वाले देश के जवानों को सलाम किया। इसके लिए संस्था ने सुर-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। देशभक्ति संगीत कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने गीतों की प्रस्तुति देकर वीर जवानों का सम्मान किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्य तिरंगे के रंग में रंगे नजर आए। कोई तिरंगा झंडा, कोई गमछा आदि लिए कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय सेना के पराक्रम के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा भक्ति सुर-संगीत के माध्यम से जाहिर की। कार्यक्रम में डॉ. किशोर झा ने ऐ मेरे प्यारे वतन....डॉ. विप्लव दत्ता ने आ अब लौट चलें.... डॉ. अरविंद नरेल ने छोड़ो कल की बातें...डॉ. संतोष सोनकर ने सुनो गौर से दुनिया वालों.....डॉ. वर्षा मुंगुटवार ने आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं...डॉ. एसएस गोले ने मां ऐ तेरी मिट्टी बुलाए...डॉ. वंदना देवांगन ने ऐ मेरे वतन के लोगों...डॉ. विभा पात्रे ने देश मेरा रंगीला...डॉ. रामगोपाल ने ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू...डॉ. मान्य ठाकुर ने तेरी मिट्टी में मिल जावां...डॉ. नूतन ढाबरे ने वंदे मातरम...डॉ. देवप्रिय रथ ने ताकत वतन की तुमसे है...जैसे देशभक्ति गीतों से देश के जल-थल व वायु तीनों विंग के जवानों की वीरता व शौर्य और साहस का परिचय देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनको मिट्टी में मिलाकर दिया।

### 7 साल से सुर संगीत की प्रस्तुति

सुर-बिहान मेडिकोज संस्था के संयोजक डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि सुर-बिहान मेडिकोज संस्था राजधानी के संगीत प्रेमी विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक समूह है। जो पिछले 7 वर्षों से लगातार प्रति महीने संगीत की महफिल आयोजित करता है। संस्था में पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अलग-अलग विभागों के डॉक्टर शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

## संग्रहालय में जीवंत हुई सदियों पुरानी जैन विरासत, पीढ़ियों ने देखी संस्कृति की चमक



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम दिवस के अवसर पर रविवार को महंत घासीदास संग्रहालय में 'हमारी धरोहर, जैन विरासत' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पुरातन सभ्यता, संस्कृति और वैभवशाली इतिहास को नई पीढ़ी से परिचित कराना था। कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल फोरम के तत्वावधान में किया गया, जिसमें राज्यभर से 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण प्रकाशचंद जैन ने बताया कि प्रतिभागियों को तीन आयु वर्ग जूनियर, यूथ और सीनियर में विभाजित किया गया था, जिनकी आयु 5 से 62 वर्ष के बीच थी। सभी प्रतिभागियों ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन तीर्थंकर प्रतिमाएं, जिनालय अवशेष, शिलालेख, सिक्के, पांडुलिपियां, अस्त्र-शस्त्र, आभूषण और बर्तन आदि का अवलोकन किया। इन वस्तुओं के माध्यम से उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पुरातात्विक महत्व को समझा।

### मानवीय गुणों को विकसित करने में संग्रहालयों की भूमिका

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त व विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि धरोहर और विरासत से जुड़कर ही आने वाली पीढ़ी अपने वैभवशाली इतिहास तथा गौरव को समझकर उसका सम्मान कर पाएगी। मानवीय गुणों को विकसित करने में भी संग्रहालयों की महती भूमिका होती है। संयोजन मंडल सदस्य विवेक डागा, सीए विजय मालू, आशीष जैन, उत्तम संखलेचा, शिल्पा चोपड़ा, दर्शना जैन, समता जैन, आशीष कोचर ने सभी प्रतिभागियों सहित भविष्य की सामाजिक रूपरेखा, इतिहास को और ज्यादा समझने, अध्ययन, शोध व धरोहरों के व्यवस्थापन, संग्रहन आदि का संकल्प लिया।

## रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. शर्मा को रंग संस्कार सम्मान

*रायपुर। छत्तीसगढ़ के रंगमंच जगत में अपनी सतत उपलब्धियों और अटल निष्ठा की खातिर डॉ. कुंजबिहारी शर्मा को रंग संस्कार सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। रविवार शाम रंग मंदिर में आयोजित संस्कार भारती की स्थानीय इकाई के तीन दिवसीय कला उत्सव रंग संस्कार महोत्सव में उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ। प्रसिद्ध रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता मनोज जोशी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने डॉ. शर्मा को सम्मानित करने के उपरांत छत्तीसगढ़ की अपनी पिछली अनेक यात्राओं का भावभीना स्मरण करते इस प्रदेश की प्रशंसा की ओर तालियों की गड़गड़ाहट के मध्य अपने महत्वपूर्ण नाटक चाणक्य का एक प्रसंग सस्वर सुनाया। उल्लेखनीय है कि गत 50 वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. शर्मा ने अपने नाट्य प्रयोगों और प्रकाशनों के माध्यम से भी रंगमंच को समृद्ध किया है, जिसकी प्रशंसा उपस्थित अतिथियों ने विशेष रूप से की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और संस्कार भारती के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल, आयोजन के स्थानीय संरक्षक विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, संस्कार भारती के महानगर अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित रंग संस्कार महोत्सव के संयोजक डॉ. आनंद कुमार पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही।*



---

### आकार शिविर में छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत एवं नृत्य के प्रति शहरवासियों का बढ़ता रुझान

# लोक संस्कृति का जुनून... 15 दिनों के लिए छोड़ा घर किराए के कमरे में माता-पिता संग बच्चे भी साध रहे सुर

**इन दिनों छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं संगीत को विलुप्त होने से बचाने और लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा, जिसमें संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आकार 2025 भी शामिल है। यहां 15 विधाओं में छत्तीसगढ़ी लोकगाथा भरथरी, नाचा, लोकसंगीत एवं नृत्य प्रदेशभर के प्रतिभागियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दोनों ही विधाओं को सीखने प्रदेशभर के अन्य जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए हैं, जो न केवल इस वर्ष, बल्कि पिछले वर्ष से केवल लोककला सीखने आकार में दाखिला ले रहे।**

**रायपुर।** "आकार में लोकगीत एवं संगीत की प्रसिद्ध प्रशिक्षक रेखा जलक्षत्री और रमा जोशी प्रशिक्षित कर रही हैं, जिन्होंने हरिभूमि से चर्चा की और आकार के मौजूद प्रतिभागियों के रुझान के संबंध में बताया कि सुबह-शाम प्रतिभागियों की भीड़ बढ़ती जा रही है, जो एकमात्र उद्देश्य के साथ पहुंच रहे हैं। लोकगाथा को जन-जन तक पहुंचाने का जज्बा आकार में देखने को मिला, जहां 6-70 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी संपूर्ण उत्साह के साथ प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं।"



### 15 दिन कमरा किराए पर लेकर पूरा परिवार प्रशिक्षण में जुटा

*बेटी लोकसंस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन करना चाहती है, जिसका सपना पद्मश्री अवॉर्ड हासिल करना है। भरथरी गायन में रुचि रखने वाली जागृति कुर्रे कक्षा 12वीं की छात्रा है। परिवार के मुखिया पवन कुमार कुर्रे महासमुंद जिले के निवासी है, जो आकार में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं। बातचीत के दौरान पवन के बताया कि बेटी का मनोबल बढ़ाने आकार में शामिल हुए, जहां बेटी जागृति और देविका के साथ उनसे माता-पिता शीतला और पवन ने भी आकार में पंजीयन कराया है। इन दिनों छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति विलुप्ति की कगार पर है। ज्यादातर लोगों को भरथरी और भरथरी गायकों की जानकारी ही नहीं है, इस स्थिति में बच्चों को पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना माता पिता की जिम्मेदारी है।*

### दूसरे जिलों से भरथरी सीखने पहुंचे प्रतिभागी





भरथरी गाथा की प्रशिक्षक रेखा जलक्षत्री ने बताया कि छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक लोकसंस्कृति से जुड़ने शामिल हुए हैं। इस वर्ष राजनांदगांव से हिमानी वासनिक, बालोद जिला से रेनू यादव और परसवानी अर्जुंदा से खिलेश्वरी यदु राजधानी पहुंची हैं, जो अपने परिचितों, रिश्तेदारों के घर पर रहकर प्रशिक्षण लेने आ रही हैं। साथ ही 10-12 नए छात्र हैं, जो पहली बार भरथरी गाथा सुन रहे। प्रदेशवासियों में लोकसंस्कृति को लेकर रुझान कलाकरों के लिए गर्व की बात है।

### लोकगाथा से जोड़ने सीख रहे भरथरी



बालोद जिले से अजय वर्मा केवल भरथरी गाथा का प्रशिक्षण लेने आए हुए हैं, जो पेशे से शासकीय स्कूल के प्रशिक्षक है। चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ी लोकगाथा की प्रसिद्धि वृहद है, भरथरी गाथा सीखने शामिल हुआ हूं। इसका मुख्य उद्देश्य विलुप्त होने वाले लोकसंगीत से स्कूल के बच्चों को जोड़ना है। पिछले वर्ष भी भरथरी गायन सीखने आकार का हिस्सा बना, इस साल भी कुछ नया सीखने आया हूं।

### सुआ, डंडा नृत्य, बांस गीत करमा, लोकनृत्य का प्रशिक्षण

नाचा, लोकसंगीत एवं नृत्य की प्रशिक्षक रमा जोशी ने बताया कि प्रदेशवासियों में लोक परंपराओं को जानने की जिज्ञासा है। आकार में 7-70 उम्र से अधिक के प्रतिभागी लोकसंगीत और नृत्य का प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं। इस दौरान परिजन बच्चों का दाखिला लोकसंस्कृति और परंपराओं की समझ स्थापित करने और उन्हें जोड़ने के भाव से करा रहे। इस वर्ष सुआ, डंडा नृत्य, बांस गीत, करमा, लोकनृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसकी प्रस्तुति अंतिम दिन की जाएगी।

### सीखने की कोई उम्र सीमा नहीं

लगभग 70 वर्ष की वृद्धा लक्ष्मी साहू लोकसंगीत सीखने पहले दिन से ही शामिल हो रही हैं। लक्ष्मी ने बताया कि बचपन से लोकसंगीत में रुझान रहा, इससे पहले भी मंच पर प्रस्तुति का मौका मिला है, लेकिन अब कुछ याद नहीं... बीते कुछ सालों में लोकसंगीत दुबारा सीखने का मौका नहीं मिला, जिसके कारण इस वर्ष आकार में शामिल हो रही हैं।



---

## आज सभी बच्चों के हाथ में मोबाइल इसलिए कमजोर हो रहीं आंखें

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक केंद्र विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि यह संस्थान समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के जीवन को संवारने का कार्य कर रहा है। आजकल माता-पिता को बच्चों की चिंता कम हो गई है। सब बच्चों के हाथों में मोबाइल आ गया है। बच्चे स्कूल से लौटकर मोबाइल में व्यस्त हो जाते हैं। उनकी आंखें कमजोर हो रही हैं। उनकी फिजिकल एक्टीविटीज खत्म हो गई है। दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके पात्रा ने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना जीवन आसुरियत से भरा हो जाता है। आजकल हमारा जीवन मशीन जैसा हो गया है। धीरे-धीरे समाज से नैतिक और मानवीय मूल्य कमजोर होते जा रहे हैं।



### नैतिक शिक्षा की भी जरूरत

*अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इसमें बच्चों में रचनात्मकता की झलक दिखाई देती है। बच्चों को सिर्फ पढ़ाई लिखाई ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा की भी जरूरत है। रायपुर केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि राजयोग से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों के साथ ही बड़ों के लिए भी राजयोग मेडिटेशन जरूरी है। इससे एकाग्रता बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों के द्वारा गणेश वंदना सहित विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने किया।*

## मैग्नेटो प्रीमियर लीग, आरजेआरएन टीम ने खिताब किया अपने नाम




**रायपुर।** मैग्नेटो प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला रविवार को मैग्नेटो मॉल में हुआ। इस दौरान जोश और उत्साह के साथ खेला गया। फाइनल में आरजेआरएन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एमपीएस को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच की हर गेंद पर रोमांच था और दर्शकों की तालियों से मॉल गूंज उठा। आरजेआरएन की सधी हुई रणनीति और दमदार खेल ने फाइनल को एकतरफा नहीं, बल्कि यादगार बना दिया। करीब डेढ़ महीने तक चले इस क्रिकेट महाकुंभ में शहर की कई नामी टीमों ने भाग लिया, लेकिन अंततः आरजेआरएन ने अपने निरंतर प्रदर्शन से खुद को श्रेष्ठ साबित किया। विजेता टीम को 1 लाख और उपविजेता को 50 हजार की इनामी राशि प्रदान की गई। मैग्नेटो मॉल एक बार फिर बना क्रिकेट प्रेमियों का केंद्र, जहां हर चौका-छक्का और विकेट ने एक यादगार अनुभव गढ़ा। एमपीएस 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि खेल सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, जश्न भी होता है और आरजेआरएन ने इस जश्न को जीत में बदल दिया।

---

कार्नर न्यूज

### नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी, तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन में उपलब्ध कराएंगे सुविधाएं

# ई-स्टडी के लिए 40 नए कंप्यूटर सिस्टम, परीक्षा से 15 दिन पहले जरूरी किताबें भी उपलब्ध कराएंगे

**रायपुर।** प्रोफेशनल एजुकेशन व जॉब्स रिलेटेड प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को शहर की लाइब्रेरी में लगातार नई सुविधा मिल रही है। इसके लिए लाइब्रेरी प्रबंधन हर 15 दिन व महीने-दो महीने के अंदर लाइब्रेरी को अपग्रेड कर रहे हैं। इससे पंजीकृत सदस्यों को ई-स्टडी के लिए नए एडवांस प्रोसेसर वाले कंप्यूटर सिस्टम, फास्ट इंटरनेट सर्विसेस, करंट अफेयर्स व सब्जेक्ट रिलेटेड बुक्स जैसी सुविधाएं हर 15 दिन व महीने के भीतर आवश्यकतानुसार डिमांड करने पर उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि पंजीकृत लाइब्रेरी मेंबर्स अपने प्रत्येक प्रतियोगी व प्रोफेशनल एजुकेशन से जुड़ी परीक्षाओं पर निश्चित सफलता प्राप्त कर सकें। नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी और तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी मोतीबाग के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि कलेक्टर ने लाइब्रेरी प्रबंधन को समय के साथ अपग्रेड करते रहने कहा है, ताकि प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा के 15 दिन पूर्व मेंबर्स की डिमांड पर उन्हें उनकी जरूरी किताबें व तकनीकी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर के निर्देश का पालन करते हुए नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी और तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी मोतीबाग तीनों ही जगह मेंबर्स की डिमांड पर 15 दिन पहले किताबें खरीदकर दी जाएंगी। करंट अफेयर्स व सब्जेक्ट रिलेटेड बुक्स जो लाइब्रेरी में परीक्षा के समय उपलब्ध नहीं होंगी, वे पंजीकृत मेंबर्स की डिमांड पर 15 दिन पहले खरीद ली जाएंगी।



### ऑनलाइन-मैनुअल दोनों तरीके से स्टडी




तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी के हेड लाइब्रेरियन राजेंद्र भार्गव ने बताया कि लाइब्रेरी में 40 नए एडवांस कंप्यूटर व इंटरनेट सर्विसेस की सुविधा के अलावा 10 हजार के आसपास मैनुअल करंट अफेयर्स, प्रतियोगी परीक्षाओं व प्रोफेशनल एजुकेशन से जुड़ी प्रतियोगी किताबें उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी के 1800 पंजीकृत मेंबर्स ऑनलाइन व मैनुअली दोनों ही तरीकों से अपनी परीक्षाओं की तैयारी शांत व सुविधायुक्त माहौल में कर रहे हैं।

### एडवांस तकनीकी सुविधाएं बढ़ेंगी

नोडल अधिकारी केदार पटेल ने कहा कि आने वाले समय में लाइब्रेरी के क्षेत्र में जो भी एडवांस तकनीकें आएंगी, वे सभी एडवांस तकनीकों से नालंदा आक्सी रीडिंग जोन, सेंट्रल लाइब्रेरी और तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन सह लाइब्रेरी मोतीबाग को लैस करने कलेक्टर व लाइब्रेरी प्रबंधन काम कर रहे हैं। आने वाले समय में लाइब्रेरियों में अधिक एडवांस तकनीक की सुविधाएं बढ़ेंगी।

सिटी लाइव

## रामायण और महाभारत में जीवन जीने का हर एक संदेश शामिल



**रायपुर।** माना रायपुर स्थित पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में संत डॉ. युधिष्ठिर लाल महाराज के नेतृत्व में सनातन संस्कृति और सभ्यता तथा संस्कारों पर आयोजित समर कैंप में सोमवार को सीए अतिम चिमनानी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बच्चों को संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने के संबंध में कहा कि सनातन यानी सदा बना रहने वाला, जिसका कोई अंत नहीं, जो कभी खत्म नहीं होगा। इसमें गुरु-शिष्य परंपरा का बड़ा महत्व है। वसुधैव कुटुंबकम यानी सारे संसार को हम परिवार मानते हैं। सर्वे भवंतु सुखीनः यानी सब के मंगल की कामना हमें हमारी संस्कृति सिखाती है। भारत की संस्कृति, सभ्यता और संस्कार एक ऐसा विषय है, जो अनंत है, असीमित है। भारत की संस्कृति को समझना है तो पहले भारत को समझना होगा। श्री चिमनानी ने कहा, संस्कार सीखने हैं तो प्रभु श्रीराम से बेहतर कौन है। प्रभु श्रीराम के जीवन के कुछ संदर्भों से हम सीखें। श्रीराम को जब उनके पिता के आदेश से वनवास मिला, तब लक्ष्मणजी बड़े क्रोधित हुए, कहा, पूरी अयोध्या की जनता आपके साथ है, सैनिक आपके साथ हैं, हम विद्रोह कर देंगे, आप राजा बनिए।

### जब श्रीराम ने वनदेवी से कांटे हटाने को कहा

श्री चिमनानी ने बताया, जब श्रीराम वन को गए तो वनदेवी ने कहा, प्रभु मैं आपकी क्या सेवा करूं तो श्रीराम ने कहा, जिस रास्ते से मैं आया हूं, उसके कांटे हटा देना। वनदेवी ने पूछा, प्रभु अब तो आप आ गए हैं, कांटे हटाने से क्या फायदा? प्रभु श्रीराम ने कहा, मैं तो आ गया हूं, पर मुझे ढूंढता हुआ मेरा भाई भरत भी इसी रास्ते से आएगा, उसे कांटा न चुभे। वनदेवी ने कहा, ठीक है प्रभु, मैं हटा दूंगी, परंतु क्या भरत इतने कमजोर हैं, जो कांटों का दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। प्रभु श्रीराम ने कहा, नहीं, वो तो इतना ताकतवर है कि जिससे टकरा जाए तो वस्तु टूट जाएगी, लेकिन अगर उसे एक भी कांटा चुभा तो वो ये सोचकर दुखी होगा कि मेरे कारण मेरे भैया को इन कांटो पर चलना पड़ा है।

● 60 साल में छत्तीसगढ़ी सिनेमा ने लोकप्रियता के स्थापित किए नए कीर्तिमान

# 25 सालों में 3 सिंगल स्क्रीन से छत्तीसगढ़ी सिनेमा पहुंचा 70 पार, पहले ढूंढने पड़ते थे कलाकार, आज आर्टिस्टों की भरमार

**सन 1965 के ब्लैक एंड व्हाइट सिनेमा से लेकर वर्ष 2000 में 3 सिंगल सिनेमा और अब मल्टीप्लेक्स सिल्वर स्क्रीन पर 70 पार स्क्रीन के साथ इन 60 सालों में छत्तीसगढ़ी सिनेमा ने लोकप्रियता का परचम लहरा दिया है। स्थानीय दर्शकों के अलावा देशभर के अलग-अलग राज्यों में लोकप्रियता के मामले में छत्तीसगढ़ी फिल्में व कलाकारों ने अपने क्रिएशन व अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह हम नहीं, बल्कि खुद आधुनिक छत्तीसगढ़ी सिनेमा का इतिहास व आज इसकी लोकप्रियता बयां कर रहे हैं।**




- ब्लैक एंड व्हाइट सिनेमा से कलर सिंगल सिनेमा और अब मल्टीप्लेक्स सिल्वर स्क्रीन तक तय किया सफर
- 30 साल पहले नाटक, नाचा के ज्यादतर कलाकार मिलते थे, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के न के बराबर कलाकार



**रायपुर।** 1971 में आई ब्लैक एंड व्हाइट सिनेमा में छत्तीसगढ़ी फिल्म घर द्वार के रिलीज के करीब 30 साल बाद वर्ष 2000 में सतीश जैन निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छईयां भुईयां पहली रंगीन छत्तीसगढ़ी फिल्म रहीं, जो 3 सिंगल स्क्रीन में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई। इस फिल्म के लिए हीरो-हीरोइन ढूंढने खैरागढ़, डोंगरगढ़, भिलाई सहित राज्यभर में घूमे, तब जाकर अनुज शर्मा, शेखर को मोर छईयां भुईयां के लिए कास्ट किया। अनुज कोई कलाकर नहीं थे, वे सेल्समैन का काम करता था, जबकि शेखर पत्रकार थे। उस समय नाटक, नाचा के ज्यादातर कलाकार मिलते थे, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के न के बराबर कलाकार थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है, आज छत्तीसगढ़ी फिल्म इंड्रस्ट्रीज में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकारों की भरमार है। वर्ष 2000 में कहां मोर छईयां भुईयां को पूरे प्रदेशभर में 3 सिंगल स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया था। आज मोर छईयां भुईयां-3 को पूरे प्रदेश में मल्टीप्लेक्स व सिनेमाघर मिलाकर 70 से अधिक स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह कहना है, छत्तीसगढ़ी सिनेमा को नई पीढ़ी के बीच लोकप्रिय बनाने वाले छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्देशक सतीश जैन का। हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने छत्तीसगढ़ी सिनेमा के भूत, भविष्य और वर्तमान पर चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### हर महीने औसत 30 फिल्में फ्लोर पर आ रहीं

निर्देशक ने बताया कि अगर छत्तीसगढ़ी फिल्मों की फ्लोर पर बात करें तो हर महीने औसत 30 से अधिक फिल्में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही हैं। इससे एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार निकलकर आ रहे हैं। इसमें मेल-फिमेल एक्टर, एक्ट्रेस के अलावा कॉमेडियन शामिल हैं। फ्लोर पर जल्द ही मेरी झन भुलव मां-बाप ल फिल्म आने वाली है।




### नेशनल अवार्डी व पद्मश्री कलाकार

भूलन द मेज के लिए छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्देशक मनोज वर्मा को नेशनल अवार्ड और छत्तीसगढ़ी फिल्म के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में पद्मश्री का अवार्ड अनुज शर्मा को मिल चुका है। इस तरह से राज्य के अलावा देशभर में छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकारों ने पहचान बनाई है।




### अब भोजपुरी में डब हो रहीं मूवी

निर्देशक सतीश जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ी फिल्में अब भोजपुरी भाषा में भी डब की जा रही हैं। मेरी छत्तीसगढ़ी फिल्म लैला टीप-टॉप, छैला अंगूठा छाप पहली भोजपुरी में डब फिल्म है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों की बढ़ती लोकप्रियता व दर्शकों को देखते हुए वह दिन दूर नहीं है, जब छत्तीसगढ़ी फिल्में आने वाले समय में हिंदी, तमिल-तेलुगु आदि दूसरे राज्यों की भाषाओं में भी डब होने लगेंगी।

### बॉलीवुड तक पहुंची छत्तीसगढ़ी अभिनय प्रतिभा

छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकारों की प्रतिभा हिंदी व भोजपुरी, साउथ फिल्मों तक पहुंच चुकी है। हिंदी सिनेमा के कई सुपरहिट फिल्मों में जिन छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने अभिनय का लोहा मनावाया है, उनमें संजय बत्रा, पूरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह जैसे कलाकार प्रमुख हैं। आजकल वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफार्म पर बन रही फिल्मों में भी ढेरों छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार काम कर रहे हैं।

सिटी इवेंट

## संत कंवरराम की शान में मचेगी मेले की धूम, बांटी जिम्मेदारी



**रायपुर।** शंकर नगर में इस बार भी संत कंवरराम परमार्थ संस्थान द्वारा 25 मई को सिंधु पैलेस में धूमधाम से संत कंवरराम की शान में मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अमित जीवन और मुख्य प्रवक्ता किशोर आहूजा व पवन प्रीतवानी ने बताया कि इस आयोजन के लिए एक सभा की गई। इसमें विभिन्न समितियों का गठन करके प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही मेले की रूपरेखा तय की गई। इस बार संत कंवरराम मेले की शुरुआत दोपहर 3 बजे अन्नदान से की जाएगी। अन्नदान के बाद 4 बजे आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद संत कंवरराम के जीवन पर एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन के संचालन के लिए जिम्मेदारी भी तय की गई है।

### संत-महंत और मुखी होंगे शामिल

रात 8 से 9 बजे के बीच रायपुर के मयूर भगत और उल्हासनगर से आ रहे संजय भगत की भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। रात 9 बजे भोग साहिब प्रसाद के बाद संतों का सम्मान और उद्बबोधन होगा। इस मेले का मुख्य आकर्षण अमरावती के सांई हुजूर राजेश कुमार, शदाणी दरबार के नवें पीठाधीश संत युधिष्ठिर लाल, चकरभाटा के सांई लालदास, देवपुरी दरबार की अम्मा मीराबाई और ब्राह्मण समाज, साधु समाज, शहर के सभी पंचायतों के मुखी व हर वर्ग के लोग इसमें शामिल होंगे। मीटिंग में वासु जीवनानी, राजू भाई तारवानी, राजकुमार सोनी, प्रहलाद शादीजा, प्रतापराय थारवानी, योगेश गुरनानी, राम खटवानी आदि शामिल हुए।

रायपुर-अम्लेश्वर मार्ग के पास 55 हजार वर्गफीट एरिया में आकार ले रहा माता का भव्य श्रीधाम

## मंदिर की चौथी मंजिल पर विराजेंगी मां वैष्णो देवी, अब नहीं चढ़ना पड़ेगा त्रिकुटा पर्वत

**रायपुर।** आगामी 5-6 महीने में ही श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी के दर्शन महादेवघाट के पास स्थापित किए जा रहे धाम में होने वाले हैं। यहां मां वैष्णो देवी का भव्य मंदिर विगत सात साल से आकार ले रहा है। मंदिर का निर्माण 55 हजार वर्गफीट एरिया में किया जा रहा है। इसे कटरा स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर तराशने का काम राजस्थान के कारीगर कर रहे हैं। विशाल वैष्णो देवी तीर्थ की चौथी मंजिल पर देवी मां का गर्भगृह बनाया जा रहा है। मंदिर के संस्थापक योगेश वार्ष्णेय ने बताया कि आस्था केंद्र के निर्माण के लिए किसी से भी दान या चंदा नहीं लिया है। इसे अपनी प्रॉपर्टी बेचकर बनवा रहे हैं, ताकि लोगों को मां वैष्णो देवी के दर्शन मिल सकें। इसकी भव्यता कटरा स्थित मुख्य मंदिर की तरह रहे, इसे ध्यान में रखते हुए कार्य करा रहे हैं।



### झालर-झूमर से सजेगा गर्भगृह



आस्था केंद्र को गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक बनाने के लिए राजस्थान व जयपुर से उपयोगी पत्थर मंगाने के बाद निर्माण किया जा रहा है। मूर्ति और मंदिर निर्माण का जयपुर के शिल्पियों को काम दिया गया है। लाइटिंग मुंबई की एक्सपर्ट टीम करेगी। झूमर और गर्भगृह की लाइटिंग अंतिम कड़ी में की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से मंदिर अनूठा है। झालर-झूमर से सभागार रोशन होगा। श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाने के लिए एंट्री और एक्जिट के लिए अलग से सुविधा दी जाएगी। मंदिर निर्माण में रोज 30 मजदूर सुबह से शाम तक जुटे हुए हैं।

### कैम्पस में होंगे ये प्रमुख मंदिर

वैष्णो देवी धाम का प्रवेश द्वार कटरा की तर्ज पर आकार ले रहा है। प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को पहले हनुमानजी के दर्शन होंगे। मूर्ति को जयपुर के कारीगरों ने बनाया है। मूर्ति संगमरमर के पत्थर से निर्मित हो रही है। वैष्णो देवी मंदिर परिसर में राजस्थान और जयपुर के कारीगरों ने दो अन्य मंदिरों का निर्माण भी किया है। एक में संगमरमर से निर्मित हनुमानजी तो दूसरे में राधाकृष्ण की मूर्ति स्थापित करने की तैयारी है। मंदिर का काम अंतिम चरण में है। श्री वार्ष्णेय ने बताया कि कोई दिक्कत आगे नहीं आई तो 6 महीने में काम पूरा हो जाएगा। श्रद्धालुओं को धार्मिक माहौल देने के साथ ही बिजली, पानी और सुरक्षा के लिए भी पर्याप्त इंतजाम किया जाएगा।

## जन्म शताब्दी से जोड़ने गायत्री परिवार की मंगल कलश यात्रा

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2026 में शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा। शताब्दी वर्ष कई कारणों से खास भी है, क्योंकि वर्ष 2026 में जहां हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में जो अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित है, उनका 100वां वर्ष पूरा हो रहा है। माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष भी पूर्ण हो रहा है। वर्ष 2026 को अखिल विश्व गायत्री परिवार जन्म शताब्दी वर्ष और नारी जागरण के रूप में जन्म शताब्दी वर्ष को देश-दुनियाभर में मनाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वर्षभर अखिल विश्व शांतिकुंज हरिद्वार से मंगल कलश यात्रा अलग-अलग जोन स्तर पर निकाली जाती है। छत्तीसगढ़ जोन के अलग-अलग संभाग स्तर पर भी मंगल कलश यात्रा निकाली जाती है। इस संबंध में गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने जानकारी दी।



### जिलों और गांवों में भ्रमण

आगे बताया कि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के हाथों रायपुर से मंगल कलश यात्रा को रथ में स्थापित करने के बाद हरी झंडी दिखाई थी, जो प्रदेश के अलग-अलग जिलों में लोगों के बीच शताब्दी वर्ष का संदेश और गायत्री परिवार के कार्यों का संदेश दे रही है। शताब्दी वर्ष और मंगल कलश रथ यात्रा के संबंध में छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, जोन समन्वयक आदर्श वर्मा और प्रवक्ता आरके शुक्ला ने बताया कि गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में मंगल कलश यात्रा लगभग 4 महीने से भ्रमण कर रही है। बस्तर की शांति, खुशहाली, समृद्धि और शताब्दी वर्ष का संदेश लेकर जनता का मंगल हो सके, ऐसी भावना से लगातार बस्तर क्षेत्र के जिलों और गांवों में भ्रमण किया जा रहा है।

शिव मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रृंगार

## आषाढ़ माह तक मंदिरों में चंदन लेप यात्रा, शीतल जल से अभिषेक भी

**रायपुर।** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया से मंदिरों में चंदन लेप से श्रृंगार प्रारंभ हो गया है, जहां शहर के शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में रोजाना चंदन से श्रृंगार किया जा रहा है। जहां प्रतिमाओं को ठंडक पहुंचाने, चंदन का लेप प्रतिदिन लगाया जा रहा है। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने बताया कि आषाढ़ माह तक यह सिलसिला जारी रहेगा, जिसके बाद बारिश शुरू होने पर समापन होगा।

"शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिरों में ठंडक के लिए कलश स्थापित किए गए हैं, साथ ही रोजाना मंदिरों के पुजारियों व श्रद्धालुओं द्वारा चंदन लेप से श्रृंगार किया जा रहा है। इसमें स्टेशन रोड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर, बस स्टैंड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर, महादेवघाट स्थित श्री हाटकेश्वर मंदिर, सरोना स्थित शिव मंदिर, सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर, बुढ़ापारा स्थित गोकुल चंद्रा मंदिर टूरीहटरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भी प्रत्येक देवी-देवता की प्रतिमाओं पर चंदन लेपन श्रृंगार कार्य जारी है।"






### अक्षय तृतीया से प्रांरभ चंदन लेप

महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में अक्षय तृतीया से शिवलिंग पर चंदन लेप से श्रृंगार शुरू हो गया है। पं. दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि रोजाना विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के साथ सुबह मटके के जल से अभिषेक किया जाता है, जिसके लिए एक रात पहले ही मटकों में पानी ठंडा होने के लिए रख दिया जाता है। इस दौरान महादेवघाट परिसर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भी चंदन की लकड़ी से तैयार लेप श्रृंगार स्वरूप लगाया जाता है, ताकि भीषण गर्मी से भगवान को राहत मिल सके। इन दिनों विशेष भोग के रूप में मौसमी फल अर्पित किए जा रहे हैं।



ज्योतिष

## इन तीन राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है गंगा दशहरा का पर्व



हर साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हर साल गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है, जो मां गंगा को समर्पित होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने और पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को न केवल पिछले दस जन्मों के पापों से छुटकारा मिलता है, बल्कि जीवन में किए गए गंभीर अपराधों से भी मुक्ति मिल सकती है। इस वर्ष गंगा दशहरा 5 जून 2025 को मनाया जाएगा।

### गंगा दशहरा 2025 शुभ योग

इस बार गंगा दशहरा खास ज्योतिषीय संयोग के साथ आ रहा है। पर्व से ठीक पहले शुक्र और राहु-केतु का गोचर कुछ राशियों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इन जातकों को न केवल आर्थिक लाभ होगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता भी बढ़ेगी।

इन राशियों की बदल सकती है किस्मत

**मेष राशि :** मेष राशि के लिए यह पर्व बेहद शुभ रहने वाला है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रभावशाली लोगों से संपर्क बढ़ सकते हैं। पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। करियर से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय सफल हो सकता है। साथ ही वरिष्ठों का सहयोग मिलने से चल रही परेशानियाँ दूर होंगी।

**कन्या राशि :** गंगा दशहरा का पर्व कन्या राशि वालों के लिए शुभ साबित हो सकता है। इस दिन पुराने अटके कार्य पूरे होंगे और विरोधियों पर जीत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति के योग बन रहे हैं। साथ ही आर्थिक पक्ष मज़बूत होगा और पुराने कर्जों से राहत मिलने की संभावना है। इसके अलावा स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि :** इस राशि के जातकों को ग्रहों की चाल का सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और करियर में नई दिशा मिलेगी। साहस और आत्मबल में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा लोग नई नौकरी या स्थानांतरण का विचार कर सकते हैं। राहु की स्थिति आपकी चतुराई को बढ़ाएगी, जिससे योजनाओं को सफलतापूर्वक अमल में ला पाएंगे।

## दाहिनी आंख फड़कने का रहस्य जानिए पुरुषों और महिलाओं के लिए इसके अलग-अलग संकेत



कई बार हमारे शरीर के कई अंग जैसे आंख, होंठ या कभी हाथ बिना किसी कारण हिलने लगता है। सामुद्रिक शास्त्र में इसे केवल संयोग नहीं माना जाता, बल्कि इसका संबंध भविष्य में घटने वाली घटनाओं से माना जाता है। आज हम जानेंगे कि दाहिनी आंख के फड़कने को लेकर क्या मान्यता है। दरअसल, यह संकेत पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग होता है

**महिलाओं में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** अगर किसी महिला की दाहिनी आंख फड़कती है, तो यह आमतौर पर अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यता है कि इससे आने वाले समय में उन्हें मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह पारिवारिक कलह, मानसिक तनाव, स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं, या किसी अप्रिय समाचार का संकेत हो सकता है। यह संकेत सावधानी बरतने और मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाए रखने की ओर इशारा करता है।

**पुरुषों में दाहिनी आंख फड़कने के संकेत :** जहां महिलाओं के लिए यह अशुभ संकेत माना जाता है, वहीं पुरुषों में दाहिनी आंख का फड़कना सकारात्मक माना गया है। इसे शुभ संकेतों में गिना जाता है। यह कार्यों में सफलता मिलने, नौकरी या कारोबार में तरक्की, आर्थिक लाभ या रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना लिए होता है। साथ ही आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का अवसर भी मिल सकता है।

**अगर बाईं आंख फड़के तो करें ये उपाय :** यदि बाईं आंख फड़क रही हो, तो इन उपायों को आजमा सकते हैं। इसके लिए आप घर के मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाएं।देवी लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं। भगवान गणेश को सुपारी अर्पित करें। तुलसी पर दीपक जलाएं और तुलसी दल भगवान विष्णु को चढ़ाएं। साथ ही जरूरतमंदों को भोजन कराएं या मिठाई बांटें। इन उपायों से नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने प्रोटीन पाउडर सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं

# बाजार के महंगे प्रोडक्ट के बजाय डाइट में शामिल करें ये होममेड प्रोटीन पाउडर

प्रोटीन हमारे शरीर के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कोशिकाओं के निर्माण, मरम्मत के लिए बहुत जरूरी होता है। यही वजह है कि बहुत से लोग शरीर में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए बाजार के प्रोटीन पाउडर का सेवन करते हैं। लेकिन, बाजार में मिलने वाले महंगे प्रोटीन पाउडर अक्सर आर्टिफिशियल स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स और चीनी से बने होते हैं, जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में घर पर बना प्रोटीन पाउडर एक स्वस्थ, किफायती विकल्प है।



### होममेड प्रोटीन पाउडर के फायदे

बादाम, अखरोट, काजू और बीजों में प्रोटीन की उच्च मात्रा होती है, जो मांसपेशियों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है।
चिया और अलसी के बीज फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखते हैं और कब्ज से राहत देते हैं।
इस पाउडर में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड (अलसी और चिया सीड्स से) और हेल्दी फैट (नट्स से) कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और हृदय से संबंधित जोखिम को कम करते हैं।
खजूर प्राकृतिक मिठास और ऊर्जा प्रदान करते हैं, जबकि विटामिन ई, सी और एंटीऑक्सीडेंट्स (नट्स और बीजों से) रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं।

### कैसे करें सेवन?

होममेड प्रोटीन पाउडर का सेवन कई आसान और स्वादिष्ट तरीकों से किया जा सकता है। सुबह आप 1-2 चम्मच पाउडर को दूध या स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं। इसे दलिया, दही या फल सलाद में छिड़ककर भी खाया जा सकता है, जो स्वाद और पोषण दोनों बढ़ाता है। वर्कआउट के बाद इस पाउडर का सेवन कर सकते हैं इससे मांसपेशियों को पोषण मिलता है।

### होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने की सामग्री

2 चम्मच कच्चे खरबूजे, कद्दू और सूरजमुखी के बीज
1 चम्मच कच्चे अलसी के बीज
2 चम्मच चिया सीड्स
1/4 कप मोटे कटे सूखे खजूर
1 कप बादाम
आधा कप अखरोट और कच्ची मूंगफली
1/4 कप काजू और पिस्ता

### बनाने की विधि

होममेड प्रोटीन पाउडर बनाने के लिए सबसे पहले एक नॉन-स्टिक पैन लें और उसमें बादाम, अखरोट, मूंगफली, काजू और पिस्ता को बारी-बारी से हल्का भूनें। इसके बाद, खरबूजे, कद्दू, सूरजमुखी और अलसी के बीजों को भी हल्के से भून लें। भूनने के बाद सभी सामग्री को पूरी तरह ठंडा होने दें। जब सामग्री ठंडी हो जाए, तो उसमें चिया सीड्स और मोटे कटे सूखे खजूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को ब्लेंडर में डालकर बारीक पाउडर बना लें। तैयार पाउडर को एक एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करें और रोजाना अपनी डाइट में शामिल करें।

## फलों में सुपरफूड माना जाता है पपीता खाली पेट खाने से 4 फायदों की है गारंटी

पपीता, एक ऐसा फल है जो न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसे पोषक तत्वों का खजाना भी कहा है। बहुत से लोग इसे सुपरफूड भी कहते हैं क्योंकि इसके नियमित सेवन के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। खासतौर पर सुबह खाली पेट पपीता खाने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। पपीता में विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होता है, जो पाचन से लेकर त्वचा और इम्यूनिटी तक को बेहतर बनाने मदद करता है।

**पपीता क्यों है सुपरफूड ?**

पपीता में विटामिन सी, ए, ई, फोलेट, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। यह हृदय स्वास्थ्य, कैंसर के खतरे को कम करने और आंखों की रोशनी बढ़ाने में भी मदद करता है। अच्छी बात यह है कि यह फल बाजार में आसानी से किफायती मूल्य पर उपलब्ध हो जाता है।

**पाचन तंत्र को बनाए मजबूत :** पपीता पाचन के लिए सबसे बेहतरीन फलों में से एक है। इसमें पपैन नामक एंजाइम होता है, जो पाचन तंत्र को सुचारू रखता है। सुबह खाली पेट पपीता खाने से कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याएं दूर होती हैं। इसमें मौजूद फाइबर पेट साफ रखने में मदद करता है और आंतों को स्वस्थ रखता है। इसके नियमित सेवन से पेट हल्का रहता है और पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं।



**इम्यूनिटी बूस्ट करता है :** पपीता विटामिन सी का एक उत्कृष्ट स्रोत है। एक मध्यम आकार का पपीता आपकी दैनिक विटामिन सी की जरूरत को पूरा कर सकता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ती है।

**त्वचा को बनाए चमकदार :** पपीता त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ए, सी, ई और बीटा-कैरोटीन होते हैं, जो त्वचा को पोषण देते हैं और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं। सुबह पपीता खाने से त्वचा में नमी बनी रहती है, जिससे मुंहासे और दाग-धब्बे कम होते हैं। पपैन एंजाइम डेड सेल्स को हटाने में मदद करता है, जिससे त्वचा चमकदार और मुलायम बनती है।

## गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाने के साथ पूरे शरीर को स्वस्थ रखेगा ये सुपरफूड

खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, जो शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। देशभर में गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। तेज धूप और बढ़ता तापमान डिहाइड्रेशन के खतरे को तो बढ़ाता ही है साथ ही इससे हीट स्ट्रोक होने का जोखिम भी काफी बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अलर्ट करते हैं। क्या आप गर्मी और लू से बचाव के लिए जरूरी उपाय कर रहे हैं?

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, इस मौसम में सभी लोगों अपने खान-पान को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए। खीरा को आहार का हिस्सा जरूर बना लें, ये आपकी सेहत के लिए इस मौसम में विशेष लाभकारी हो सकता है।

**गर्मियों का सुपरफूड है खीरा :** खीरा को गर्मियों का सुपरफूड माना जाता है। ये कई गुणों से भरपूर होता है, सबसे खास बात ये आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है। खीरे में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है, इसके साथ ये शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स भी प्रदान करता है। ये ठंडक देने के साथ मांसपेशियों और तंत्रिका कार्य, रक्त



पीएच और सामान्य हृदय गति के लिए महत्वपूर्ण है। खीरे में कैलोरी की मात्रा भी बहुत कम होती है।

**लो कैलोरी और पोषक तत्वों में फुल :** एक मध्यम आकार के खीरे में आमतौर पर केवल 30-40 कैलोरी होती है। लो कैलोरी की मात्रा के बावजूद, खीरा महत्वपूर्ण विटामिन और खनिज प्रदान करता है। इसमें विटामिन-सी होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। फ्लेवोनोइड्स और टेनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट कोशिकाओं की क्षति को रोकते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम मांसपेशियों के कार्य और हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। खीरे में मौजूद विटामिन-के शरीर को कैल्शियम को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।



## सेहत में सुधार के लिए बेन स्टोक्स ने छोड़ी ये आदत, स्वस्थ रहना है तो आप भी गांठ बांध लीजिए ये बात

इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी सेहत में सुधार के लिए एक बड़ा फैसला लिया है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज श्रृंखला के लिए फिट रहने और सेहत में सुधार के लिए उन्होंने रिहैबिलिटेशन के दौरान शराब पीना बंद कर दिया है। तेजतर्रार क्रिकेटर ने कहा कि इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने शराब से दूरी बना ली थी, 2 जनवरी से बिल्कुल भी शराब नहीं पी। विशेषज्ञों ने कहा कि शराब छोड़ने से रिकवरी अच्छी होती है और सेहत में भी सुधार होता है।

दुनियाभर के स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को लाइफस्टाइल की जिन गड़बड़ आदतों से दूरी बनाने की सलाह देते रहे हैं, शराब और धूम्रपान उनमें प्रमुख है। शराब पीने की आदत न सिर्फ आपको कई प्रकार की गंभीर बीमारियों यहां तक कि कैंसर का शिकार बना सकती है, साथ ही ये बीमारियों से रिकवरी में भी समस्या उत्पन्न करती है।

शराब पीने से क्या दिक्कतें होती हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, शराब के सेवन से कई तरह के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। कई अध्ययन इस बात को प्रमाणित करते हैं कि जो लोग शराब पीते हैं उनमें लिवर डैमेज होने-लिवर कैंसर, हृदय रोग सहित कई अन्य प्रकार के कैंसर का जोखिम अधिक होता है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी शराब के दुष्प्रभाव देखे जाते हैं। ये आदत स्ट्रेस-एंग्जाइटी और कुछ स्थितियों में अवसाद के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

शराब छोड़ने से क्या होता है?

अमेरिकन बोर्ड ऑफ ओबेसिटी मेडिसिन की मेडिकल डायरेक्टर रेखा बी. कुमार ने एक रिपोर्ट में बताया कि अगर आप शराब पीने से 30 दिन का भी ब्रेक ले लेते हैं तो इससे कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि आपमें कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोगों का जोखिम कम हो सकता है। आप बेहतर नींद का भी अनुभव करने लगते हैं। शराब छोड़कर सेहत को ठीक करने के लिए कई हिस्सों में "ड्राई जनवरी" मनाया जाता है। इसमें छुट्टियों के मौसम के बाद खुद को फिर से तरोताजा करने के लिए लोग एक महीने तक शराब पीना बंद कर देते हैं।

थोड़ी मात्रा में भी शराब पीना सुरक्षित नहीं

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि शराब का सेवन किसी भी स्तर (थोड़ी मात्रा भी) पर मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित नहीं है। सभी लोगों को इस खतरनाक आदत से बचना चाहिए। अगर आप शराब पीते हैं और इसे अभी से छोड़ने का निश्चय कर लेते हैं तो आपको कुछ ही दिनों में लाभ दिखने शुरू हो जाते हैं। शराब पीने वालों में समय के साथ लिवर सिरोसिस का खतरा रहता है। अध्ययनों में पाया गया है कि शराब छोड़ने के कुछ ही दिनों के बाद आपका लिवर फिर से ठीक होने की प्रक्रिया में आ जाता है।

### शराब छोड़ने के फायदों को भी जानिए

शराब छोड़ने के एक महीने के भीतर कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार होने लगता है, जिसे हृदय रोगों का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है।
आपमें पेट-लिवर, ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है।
शराब पीने से वजन बढ़ने का जोखिम रहता है, जब आप इसे छोड़ते हैं तो कुछ ही महीनों में आपका वजन फिर से सामान्य होने लग जाता है।
शराब छोड़ने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और नींद की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगता है।
शराब कई दवाओं के साथ रिएक्ट कर सकता है। ऐसे में तेज रिकवरी के लिए भी शराब से दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।

## हर 8 में से एक पुरुष को प्रोस्टेट कैंसर का खतरा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन भी हो गए हैं शिकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन कैंसर से पीड़ित हैं। रविवार को पूर्व राष्ट्रपति के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उनमें 'आक्रमक स्तर' के कैंसर का निदान किया गया है, उपचार के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ चर्चा की जा रही है। उन्हें पिछले कुछ समय से मूत्र संबंधी दिक्कतें हो रही थीं, जिसके बाद पिछले सप्ताह डॉक्टरों ने जांच के दौरान प्रोस्टेट से संबंधित समस्या का निदान किया। शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का पता चला, कैंसर कोशिकाएं हड्डियों तक फैल गई हैं।

### पुरुषों में बढ़े हैं प्रोस्टेट कैंसर के मामले

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को जिस प्रकार के कैंसर का पता चला है, उसके मामले पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि प्रोस्टेट कैंसर का समय पर पता चलने पर इसकी गंभीरता से बचा जा सकता है, लेकिन यह पुरुषों में कैंसर से होने वाली मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी है। जिसका मतलब है कि ज्यादातर लोगों में इसका समय पर निदान नहीं हो पाता है, जिसके कारण कैंसर के गंभीर रूप लेने और जान जाने का जोखिम काफी बढ़ जाता है।

### प्रोस्टेट कैंसर होता क्या है?

प्रोस्टेट पुरुषों में प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है। यह वीर्य के लिए तरल पदार्थ बनाता है। प्रोस्टेट ग्रंथि में विकसित होने वाला ये कैंसर आमतौर पर वृद्ध लोगों को प्रभावित करता है।

### कितनी खतरनाक है ये बीमारी?

जो बाइडन के कार्यालय की तरफ से साझा की गई जानकारियों के मुताबिक उनका कैंसर हड्डियों तक फैल गया है, जो इसे प्रारंभिक चरण के प्रोस्टेट कैंसर से अधिक गंभीर बनाता है। मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर सेंटर के डॉ. मैथ्यू स्मिथ ने कहा कि हाल के दशकों में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में काफी सुधार हुआ है। इलाज के माध्यम से मरीज चार-पांच साल या उससे अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। स्मिथ ने कहा- इसका इलाज तो किया जा सकता है पर इसे ठीक नहीं किया जा सकता।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
प्लास्टिक एवं फायबर कूलर की विशाल रेंज
शीतल कूलर का 75 नये मॉडल के साथ विशाल शो-रूम
रूम, डक एवं विन्डो कूलर अनेक साईज में उपलब्ध
Sunday Open
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दर्शकों को पसंद आया टॉम क्रूज का एक्शन जलवा बिखेर रहा 'मिशन इंपॉसिबल 8'



बॉक्स ऑफिस इन दिनों टॉम क्रूज का जलवा देखने को मिल रहा है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की आठवीं फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग सिनेमाघरों में दर्शकों द्वारा पसंद की जा रही है। कमाई के मामले में ये फिल्म नए-नए कीर्तिमान बना रही है। वहीं, दूसरी ओर हॉलीवुड की एक और फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन्स' भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार बनाए हुए है। टॉम क्रूज की 'मिशन इम्पॉसिबल' सीरीज की भारत में काफी लोकप्रियता है। यही कारण है कि जब सीरीज की अंतिम फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' भारत में रिलीज हुई, तो दर्शक फिल्म को देखने के टूट पड़े। फिल्म लगातार अच्छी कमाई कर रही है। अब 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' ने संडे को छुट्टी के दिन शानदार कमाई करते हुए 17.69 करोड़ का कारोबार किया। इससे पहले शनिवार को अपने पहले दिन फिल्म ने 17.50 करोड़ की कमाई की थी। जिसके साथ ही दो दिनों में ही फिल्म की कुल कमाई 35.19 करोड़ रुपए पहुंच गई। 'मिशन इंपॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' को लेकर भारत में रिलीज से पहले ही काफी उत्साह था। इसीलिए फिल्म को अमेरिका से भी पहले भारत में रिलीज किया गया। टॉम क्रूज और मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की लोकप्रियता का ही नतीजा है कि इस फिल्म ने पहले ही दिन 'ओपनहाइमर' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

### टॉलीवुड

## 'द गर्लफ्रेंड' के लिए बेसब्र फैंस को रश्मिका का जवाब, शानदार है ये फिल्म



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इस वक्त वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में आ गईं हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसे सोशल मीडिया पर जल्द रिलीज करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने जानकारी साझा करते हुए फैंस को तसल्ली दी है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रति दर्शकों की बेसब्री देख अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने फिल्म निर्देशक राहुल रविंद्रन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मेरे प्यारों, मुझे पता है कि आपको इंतजार करना पड़ रहा है और आपका ट्रेंड भी शानदार है। आप भरोसा रखें, राहुल रवींद्रन इस फिल्म को आपके लिए शानदार बनाने में जुटे हैं। यह एक खास फिल्म है।' आगे ट्वीट में अभिनेत्री ने लिखा, 'ये शानदार फिल्म है, जिनके बारे में आमतौर पर ज्यादा बात नहीं होती। ये पूरी तरह किरदारों पर बनी फिल्म है और यही इसकी सबसे खास बात है। हम वादा करते हैं कि हम आपको सबसे बेहतरीन फिल्म देंगे और ये इंतजार आपके लिए यादगार होगा। आज आपने जो प्यार दिखाया, उसके लिए हम प्रक्रिया को और तेज करेंगे और जल्द से जल्द ये फिल्म आपके सामने लाएंगे।' एक्ट्रेस के इस ट्वीट पर निर्देशक राहुल रविचंद्रन ने रीट्वीट करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, यह लड़की हमारी फिल्म की आत्मा और रीढ़ है। बहुत ज्यादा प्यार रश्मिका और हां, वास्तव में हम आप सभी को एक अच्छा अनुभव देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'जेठानी' की शूटिंग शुरू, पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आएगा यह भोजपुरी स्टार




रानी चटर्जी जल्द ही फिल्म 'जेठानी' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शुटिंग आज से शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी फिल्म के हीरो ने सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। रानी मुखर्जी की नई फिल्म 'जेठानी' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को लेकर फिल्म के एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और साथ ही रानी की जमकर तारीफ भी की है। फिल्म में बतौर हीरो पहली बार रानी चटर्जी के साथ नजर आ रहे एक्टर अयाज खान ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपनी आगामी फिल्म 'जेठानी' की शूटिंग को लेकर जानकारी शेयर की है। इस पोस्ट में दो तस्वीरें हैं। पहली तस्वीर में रानी चटर्जी के साथ अयाज खान क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रहे हैं - जिस पर लिखा है - 'जेठानी'। दूसरी तस्वीर भी इन दोनों स्टार्स की ही है। इस पोस्ट के साथ अयाज खान ने कैप्शन में लिखा, मैं और रानी जी बहुत फिल्म साथ में किए है, लेकिन पहली बार मैं उनको हीरो बना हूं, कुछ अलग देखने को मिलेगा आप सब को रानी जी की जितनी तारीफ करूं कम है।

## ये अभिनेत्रियां अपने स्टाइल से ढा रही हैं कहर

### लाइफ स्टाइल



आज के समय में अगर 90 के दशक की सबसे ग्लैमरस अभिनेत्रियों का जिक्र करें तो उसमें मलाइका अरोड़ा का नाम सबसे ऊपर होगा। धक-धक गर्ल के रूप में पहचानी जाने वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित एथनिक से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में वो अपनी मुस्कान और ग्रेस से सबका दिल जीत लेती हैं। आज कई दशकों के बाद भी करिश्मा कपूर वेस्टर्न और इंडियन वियर दोनों में बेहद स्टाइलिश और शालीन अंदाज में दिखाई देती हैं। वो अक्सर इंडो वेस्टर्न आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। शिल्पा शेट्टी का स्टाइल आज भी युवाओं को टक्कर देता है। साड़ी ड्रेपिंग से लेकर फ्यूजन आउटफिट्स तक, हर लुक में वह कमाल लगती हैं। रवीना टंडन आज के समय में भी अपने बोल्ड और रॉयल लुक्स से लाइमलाइट बटोरती हैं। उनके एथनिक आउटफिट्स और रेड कारपेट लुक्स बेहद इंप्रेसिव होते हैं।

## चाहिए गहरा-काला रंग तो मेहंदी में ये चीजें मिलाकर बालों में करें अप्लाई

आज के समय में लोगों की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर सीधा उनकी सेहत के साथ-साथ उनकी त्वचा और बालों पर पड़ता है। कम उम्र में ही युवाओं के बाल सफेद होने लगे हैं, जिसकी वजह से वो टेंशन में आ गए हैं। सफेद बालों को काला करने के लिए लिए वैसे तो बाजार में तमाम तरह के कलर आते हैं, लेकिन ये रंग बालों को खराब भी कर सकते हैं।

इसलिए आज भी युवा बालों का रंग काला करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। सिर्फ मेहंदी के इस्तेमाल से बाल काले नहीं होते हैं, इसके लिए आपको कुछ नुस्खे आजमाने पड़ेंगे।

यहां हम आपको इन्हीं नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। ताकि आप बिना टेंशन लिए अपने बालों को कलर कर पाएं। इसके लिए आपको मेहंदी में कुछ चीजें अप्लाई करनी हैं।



### कॉफी

कॉफी का इस्तेमाल से आपके बाल न सिर्फ काले होंगे, बल्कि इससे बालों की जड़ें भी मजबूत बनेंगी। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में मेहंदी पाउडर लें। अब इसमें दो से तीन चम्मच कॉफी पाउडर मिक्स करें। दोनों चीजों का पेस्ट तैयार करके अब इसे अपने बालों में अप्लाई करें। आधे घंटे के बाद बालों को धो लें। इससे बालों का रंग प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

### चाय

हर भारतीय रसोई में चाय की पत्ती तो आसानी से मिल ही जाती है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से भी अपने बालों को काला कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कटोरी में मेहंदी पाउडर लेकर उसमें चाय की पत्ती का पानी डालें। ध्यान रखें कि चाय का पानी तैयार करने के लिए उसे काफी देर तक खौलाएं, ताकि इसका रंग अच्छा दिखे। इससे भी आपके बाल काले हो जाएंगे।

### कत्था

हम यहां उसी कत्थे की बात कर रहे हैं, जो पान में यूज होता है। इससे मेहंदी में शानदार कलर आता है। इसे मेहंदी में मिक्स करने के लिए कत्था को कूटकर इसका दरदरा पाउडर बना लें। अब इसे मेहंदी पाउडर में मिलाकर पेस्ट बनाएं और बालों में लगा लें। ये बालों को प्राकृतिक रूप से काला रखने में मदद करता है।

### आंवला

यदि आपके पास आंवला पाउडर रखा है, तो इसका इस्तेमाल भी आप बालों को काला करने के लिए कर सकते हैं। ये बालों को पोषण देकर बालों का रंग गहरा काला करता है। इसके इस्तेमाल के लिए मेहंदी पाउडर में आंवला पाउडर मिक्स करें और फिर उसका पेस्ट तैयार कर लें। अब इसका इस्तेमाल अपने बालों में करें और एक घंटे के बाद बालों को धो लें।

## रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जा रही हैं तो याद रखें ये बातें, वरना पैसे होंगे बर्बाद

### फैशन



भारतीय महिलाओं की जिंदगी में साड़ी काफी अहम किरदार निभाती है। ज्यादातर महिलाओं को साड़ी पहनना काफी पसंद भी होता है, क्योंकि इसे वो शादी-विवाह से लेकर पूजा-पाठ और पार्टियों तक में कैरी कर लेती हैं। आज के समय में बहुत सी महिलाओं को साड़ी पहनना तो काफी पसंद होता है, लेकिन वो इसे सही से पहन नहीं पातीं। ऐसे में उनके लिए रेडी टू वियर साड़ी एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है।

रेडी टू वियर साड़ी महिलाओं को प्लीट्स और पल्लु सेट करने जैसे झंझट से आजाद करती है। युवा लड़कियों के बीच ये साड़ी काफी पॉपुलर मानी जाती है। अगर आप भी रेडीमेड साड़ी पहनने का मन बना रही हैं, तो खरीदते समय इन कुछ खास बातों का ध्यान रखें ताकि साड़ी देखने में भी सुंदर लगे।

**साइज होना चाहिए सही :** जब भी रेडी टू वियर साड़ी खरीदने जाएं तो उसका साइज अवश्य चेक करें। अक्सर दुकानदार ये कहकर आपको साड़ी बेच देते हैं कि ये फ्री साइज होती है, जबकि ऐसा नहीं होता है। यदि आप बिना साइज चेक किए साड़ी खरीदेंगी तो हो सकता है ये लंबी हो या फिर छोटी भी। इसे आप फोल्ड करके एडजस्ट भी नहीं कर सकतीं।

**फिटिंग देखें :** यदि साइड परफेक्ट है तो एक बार ट्राई करके उसकी फिटिंग देख लें। रेडी टू वियर साड़ी में हुक लगा होता है, जो साड़ी को अटैच करता है। यदि ये साइड में सही नहीं होगी, तो इस हुक को बंद करने में परेशानी होगी। वहीं गलत फिटिंग की साड़ी में पल्लु भी खराब दिख सकता है। इसलिए एक बार फिटिंग अवश्य चेक कर लें।

**फैब्रिक देखें :** फॉर्मल इवेंट्स के लिए बेस्ट जॉर्जेट या क्रेप फैब्रिक की साड़ी परफेक्ट मानी जाती है। यदि किसी शादी विवाह में रेडी टू वियर साड़ी पहननी है तो सिल्क और बनारसी फैब्रिक का चयन करें। गर्मियों में ऐसे ही साड़ी पहननी है तो आज-कल बाजार में सूती रेडी टू वियर साड़ी भी मिलने लगी हैं।

**ब्लाउज देखें :** अक्सर रेडी टू वियर साड़ी के साथ का ब्लाउज सिंपल होता है। इसलिए एक बार चेक कर लें और पहनकर भी देख लें। ध्यान रखें कि प्लेन साड़ी के साथ प्लेन ब्लाउज अच्छा नहीं लगता है। कोशिशि करें कि साड़ी यदि प्लेन है तो उसका ब्लाउज हैवी हो, जिसपर वर्क भी खूबसूरत हो।

**ड्रेपिंग स्टाइल चेक करें :** रेडी टू वियर साड़ियों में ज्यादातर पल्लु और प्लीट्स पहले से ही फिक्स होते हैं। जिसको कैरी करना काफी आसान होता है। जबकि कुछ साड़ियां लहंगा स्टाइल या धोती स्टाइल में आती हैं, जो मॉडर्न और फ्यूजन लुक देती हैं।

## बढ़ती उम्र में अभिनेत्रियां कैसे रखती हैं अपनी स्किन का ध्यान?

90 के दशक की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो आज के समय में भले ही पर्दे पर कम दिखती हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों में देखने को मिल जाती है। इन अभिनेत्रियों के खिले-खिले चेहरे को देखकर हर किसी के मन में एक न एक बार तो ये सवाल आता है कि आखिर ये इतनी खूबसूरत कैसे हैं ? आखिर इनके चेहरे पर बढ़त उम्र के निशान क्यों नहीं हैं ? आपके इन्हीं सवालों का जवाब लेकर हम आज आए हैं।



### नियमित स्किन केयर है जरूरी


ये जानना आपके लिए बेहद जरूरी है कि उम्र चाहे जो भी हो लेकिन नियमित स्किन केयर रूटीन फॉलो करना हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो हर किसी को सीटीएम रूल फॉलो करना चाहिए। ये एक बेसिक स्किन केयर रूटीन होता है, जिससे त्वचा साफ, संतुलित और हाइड्रेटेड रहती है। दिन में दो बार सीटीएम रूल के तहत चेहरा साफ करें। अपनी उम्र के हिसाब से रेटिनोल, हायलूरोनिक एसिड या विटामिन C युक्त सीरम का इस्तेमाल करना भी समय रहते शुरू कर दें, ताकि आपके चेहरे बढ़ती उम्र के लक्षण न दिखें। इन सबसे अलग सनस्क्रीन को तो अपनी जेब में ही रखना शुरू कर दें और हर तीन से चार घंटे में इसका इस्तेमाल करें।

### मेकअप से रहें दूर

अभिनेत्रियां भले ही शूटिंग के दौरान कितना भी मेकअप कर लें, लेकिन एक समय के बाद वो मेकअप से दूरी बना लेती हैं। मेकअप का इस्तेमाल फिर वो सिर्फ उसी वक्त करती हैं, जब उन्हें कहीं जाना हो या फिर शूटिंग करनी हो। यदि मेकअप कर रही हैं तो सोने से पहले उसे सही तरह से साफ करना बेहद जरूरी है। अगर आप मेकअप के साथ ही सो जाएंगी तो इसका असर आपकी स्किन पर पड़ेगा। मेकअप खरीदते समय भी ये ध्यान रखें कि ये हाई-क्वालिटी और स्किन-फ्रेंडली हो, ताकि किसी तरह की एलर्जी का खतरा न रहे।

## गर्मी से बेजान हो गई है त्वचा तो अपनाएं ये नुस्खे, खिल उठेगी आपकी स्किन

कौन नहीं चाहता कि उसकी त्वचा खिली-खिली रहे। लेकिन गर्मी के मौसम में चेहरा अपने आप डल होने लगती है। दरअसल, गर्मी में तेज धूप और पसीने से त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में स्किन का सही तरीके से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। डल स्किन को हटाने के लिए वैसे तो महंगी-महंगी क्रीमें बाजार में मिलती हैं, लेकिन कई बार ये असर नहीं दिखातीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन की खोयी हुई रंगत फिर से वापस आ जाएगी।



**एलोवेरा जेल लगाएं :** गर्मी से त्वचा बेजान हो रही है तो एक बार पैच टेस्ट करने के बाद दिन में कम से कम दो बार एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। एलोवेरा त्वचा को ठंडक देता है, हाइड्रेट करता है और डलनेस दूर करता है। इसलिए आप बिना सोचे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आलू का रस :** यदि गर्मी से चेहरे पर काले धब्बे और टैनिंग हो रही है तो उसके लिए आलू का रस आपकी मदद करेगा। इसके लिए आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और फिर उसे चेहरे पर अप्लाई करें।

**नींबू और शहद का फेसपैक :** चेहरे की डलनेस को दूर करने के लिए इस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। नींबू ब्लीचिंग का काम करता है और शहद त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। ऐसे में सबसे पहले तो एक कटोरी में शहद लें। इसके बाद इसमें नींबू का रस मिक्स करें।

**गुलाब जल :** दिन में बीच-बीच में गुलाब जल को चेहरे पर स्प्रे करते रहें। ये एक अच्छे टोनर के रूप में काम करता है। इसका इस्तेमाल आप सीटीएम रूटीन में भी फॉलो कर सकते हैं। गुलाब जल आपके चेहरे को हाइड्रेट भी रखेगा।

### कार्नर न्यूज

## लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है

## पार्टी में पहननी है हल्के रंग की साड़ी, तो अनन्या पांडे के इस लुक से लें आइडिया

एलिगेंस-ग्लैमर का साथ में मिलेगा तड़काबॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे एक बार फिर अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर उन्होंने पारंपरिक साड़ी को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ कैरी कर एक नया स्टाइल स्टेटमेंट सेट किया। मशहूर डिजाइनर मसाबा गुप्ता की आइवरी साड़ी और मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज़ में अनन्या का लुक बेहद एलिगेंट और ग्लैमरस नज़र आया। सटल मेकअप, पर्ल चोकर और स्टाइलिश हेयरडू ने उनके पूरे लुक को और भी खास बना दिया। उनका यह लुक ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न फैशन को बखूबी दर्शाता है।




### स्टाइलिंग में भी दिखी क्लास

अनन्या के इस लुक को सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया। उन्होंने अनन्या को ऐसा लुक दिया जो जिसमें ज्यादा ध्यान बारीक डिटेलिंग पर किया गया है। आउटफिट के साथ अनन्या ने एक लेयर्ड पर्ल चोकर पहना है, जिसमें नॉटेड डिज़ाइन है। यह खूबसूरत नेकपीस 'गज़दर ज्वेलर्स' का है। इसके अलावा, उन्होंने एक क्रिसेंट शेप (अर्धचंद्राकार) क्लच कैरी किया है, जो उनके आउटफिट के साथ परफेक्टली मैच कर रहा है।

### हेयर और मेकअप लुक

अनन्या पांडे का हेयर और मेकअप लुक भी उनके आउटफिट की तरह बेहद सटल और एलिगेंट है। उन्होंने अपने बालों को सॉफ्ट अपडू में स्टाइल किया है, जिससे उनके चेहरे की खूबसूरती और निखरकर सामने आ रही है। मेकअप की बात करें तो अनन्या ने डीवी स्किन फिनिश को चुना, जिसमें न्यूड लिप्स, सॉफ्ट ब्लश और डेफाइंड आईज़ शामिल है। यह मेकअप लुक न केवल उनके पूरे आउटफिट के साथ पूरी तरह बैलेंस कर रहा है, बल्कि सादगी और क्लास का परफेक्ट कॉम्बिनेशन भी पेश कर रहा है। उनका यह लुक ट्रेंडी और ग्रेसफुल दोनों लग रहा है।

### फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज़

फैंस को भाया अनन्या का नया अंदाज़- अनन्या का यह साड़ी लुक सोशल मीडिया पर भी काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस उनके इस एलिगेंट और ग्रेसफुल अंदाज़ की तारीफ करते नहीं थक रहे। रेड कार्पेट पर अक्सर वेस्टर्न लुक्स छाए रहते हैं, लेकिन अनन्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि साड़ी को मॉडर्न टच देकर भी ग्लैमरस और फैशनेबल बना जा सकता है।

### फैशन प्रेमियों के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन

अगर आप किसी वेडिंग फंक्शन, रिसेप्शन या फेस्टिव पार्टी में ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न स्टाइल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन अपनाना चाहती हैं, तो अनन्या पांडे का यह लुक आपके लिए बेहतरीन इंस्पिरेशन बन सकता है। मसाबा गुप्ता की डिजाइन की हुई आइवरी साड़ी को मेटैलिक गोल्डन स्ट्रैपलेस ब्लाउज़ के साथ पेयर कर अनन्या ने जो एलिगेंट और ट्रेंडी लुक क्रिएट किया है, वो खास मौकों के लिए एकदम परफेक्ट है। सटल मेकअप, सॉफ्ट हेयरडू और पर्ल एक्सेसरीज़ इस लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं। आप भी न्यूड टोन मेकअप और हल्के ज्वेलरी के साथ ऐसा ही लुक ट्राई कर सकती हैं। यह लुक न सिर्फ फैशनेबल है बल्कि बेहद कम्फर्टेबल भी है। ट्रेडिशनल आउटफिट को मॉडर्न ट्विस्ट देने का यह स्टाइल यंग फैशन प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट गाइड हो सकता है।